सुविचार

*हर रोज अपने आपको बीते हुए कल से बेहतर बनाओ, एक दिन आप काफी बेहतर बन जाओगे*

# संवाद साधना

संस्थापक- स्व.श्री विजय शर्मा ✹ महासमुंद, कोरबा एवं जांजगीर-चांपा से एक साथ प्रकाशित

वर्ष - 18 | अंक -67 | महासमुंद, शनिवार 10 सितंबर 2022 डाक-11 सितंबर 2022 | पृष्ठ-08 | मूल्य 1.00 | Email-sadhana.vivek@gmail.com

## न्यूज ब्रेक

### मुर्मू ने एलिजाबेथ निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन पर शोक व्यक्त किया गया है। श्रीमती मुर्मू ने ट्वीट कर कहा, ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन से दुनिया ने एक महान शख्सियत खो दी है। उन्होंने सात दशकों से अधिक समय तक अपने देश को चलाया और लोगों की सेवा की। मैं ब्रिटेन के लोगों के दुख को साझा करती हूं और उनके परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का 96 साल की उम्र में निधन हो गया।

### कार खाई में गिरी, चार यात्रियों की मौत

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** बदरीनाथ हाईवे पर नीरगड्डू के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई, जिससे उसमें सवार चार तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, जबकि चालक समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। कार में सवार यात्री बदरीनाथ जा रहे थे। हादसे की वजह चालक को अचानक नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सुबह सवा छह बजे हरिद्वार से एक कार महाराष्ट्र के 5 तीर्थयात्रियों को लेकर बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुई। सुबह करीब साढ़े सात बजे के आसपास ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर मुनिकीरेती थाना क्षेत्र के तपोवन से आगे नीरगड्डू के समीप कार खाई में जा गिरी।

## विकसित देशों में भी 40 फीसदी तक हुई है वृद्धि : हरदीपसिंह

### कंपनिया नुकसान की भरपाई के लिए दाम को बढ़ाने का काम जारी रख सकती

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद भारतीय तेल कंपनियां पेट्रोल और डीजल की खुदरा दामों में ज्यादा कटौती नहीं करने वाली है। कंपनियों को अपने नुकसान की भरपाई के लिए अभी और समय चाहिए। दरअसल, पुरी ने पत्रकारों के उस सवाल का जवाब दिया जिसमें उनसे पूछा गया कि क्या पिछले एक सप्ताह में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट को देखते हुए ईंधन की खुदरा कीमत में कमी आ सकती है? हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि विकसित देशों में भी जुलाई 21 से अगस्त 22 तक ईंधन की कीमतों में लगभग 40 प्रतिशत की बेतहाशा वृद्धि देखी गई है लेकिन भारत में 2.12 फीसदी की कमी आई है। हालांकि कंपनिया नुकसान की भरपाई के लिए दाम को बढ़ाने का काम जारी रख सकती है।

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि, पिछले दो सालों में सऊदी सीपी मूल्य (हमारे आयात बेंचमार्क) में लगभग 303त्न की वृद्धि हुई है। इसी अवधि के दौरान, भारत में रसोई गैस की कीमत में उस आंकड़े के दसवें हिस्से से भी कम की वृद्धि (28 फीसदी) हुई। पुरी ने कहा कि जुलाई 21 से अगस्त 22 के दौरान सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक केंद्रों की गैस की कीमतों में भारी वृद्धि देखी गई है। यूएसए के हेनरी हब में 140प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। जेकेएम मार्कर 257 फीसदी, ब्रिटेन एनबीपी में 281 फीसदी और भारत में सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में केवल 71 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## महेंद्रगढ़-सोनीपत में डूबने से सात की मौत

### *मृतकों में चार बच्चे भी शामिल, सीएम ने जताया दुख*

**नईदिल्ली, 10 सितंबर**

**( एजेंसी )**

हरियाणा में गणपति विसर्जन के दौरान शुक्रवार को दो बड़े हादसे हुए। महेंद्रगढ़ के गांव झगड़ोली में नहर में करीब 12 बच्चे व किशोर डूब गए, जिनमें चार की मौत हो गई। सोनीपत में यमुना के मीमारपुर और बेगा घाट पर किशोर समेत चार लोग डूब गए। इनमें से मीमारपुर घाट पर पिता-पुत्र और भतीजा तो बेगा घाट पर एक अन्य श्रद्धालु डूब गया। व्यक्ति और भतीजे के साथ ही युवक का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस यमुना में डूबे किशोर की तलाश कर रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हादसों में युवकों की मौतों पर दुख जताया है। उन्होंने बचाए गए लोगों के जल्द ठीक होने की कामना भी की है। उन्होंने ट्वीट किया, महेंद्रगढ़ और सोनीपत में नहर में गणेश विसर्जन के दौरान युवकों की मौत हृदय विदारक है। हम इस मुश्किल समय में मृतकों के परिजनों के साथ हैं। एनडीआरएफ ने कई लोगों को डूबने से बचा लिया, जिनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। महेंद्रगढ़ क्षेत्र के गांव झगड़ोली की नहर में शहर के मोहल्ला ढाणी एवं मसानी



चौक से श्रद्धालु प्रतिमा विसर्जन के लिए गए थे। शाम को साढ़े 5 बजे यह हादसा हुआ। सूचना मिलने के महज दस मिनट बाद ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमों के साथ-साथ आसपास के गांवों से युवाओं ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। महेंद्रगढ़ में शुक्रवार रात 8‑30 बजे तक अस्पताल पहुंचाए गए चार बच्चों की मौत हो गई, जबकि तीन को हाई सेंटर रेफर कर दिया गया है। वहीं अन्य बच्चे नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन हैं। देर रात तक नहर में सर्च अभियान चलाया जा रहा था। महेंद्रगढ़ में हुए हादसे में तेज बहाव व पानी अधिक होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य भी प्रभावित हुआ लेकिन घटना के महज दस मिनट बाद ही मौके पर हजारों की संख्या में आसपास के गांवों के लोग एवं दमकल विभाग व प्रशासनिक अमला पहुंच गया है। आठ बच्चों को नहर से निकालकर एंबुलेंस के माध्यम से नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ पहुंचाया गया है। मौके पर भारी भीड़ एवं प्रशासनिक अमला सहित विभिन्न विभागों की टीमें एवं गोताखोर नहर में बच्चों की तलाश कर रहे हैं।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जापान समुद्री आत्मरक्षा बल (जेएमएसडीएफ) योकोसुका नौसेना बेस और उनके जहाज जेएस कुमानो का दौरा किया।

## कंगना का ब्रह्मास्त्र की टीम पर निशाना

### 'अयान मुखर्जी को जो जीनियस कहे उसे होनी चाहिए जेल'

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अयान मुखर्जी की बहुचर्चित फिल्म ब्रह्मास्त्र आज आखिरकार सिनेमाघरों में



रिलीज हो चुकी है। फिलहाल फिल्म ने अच्छी ओपनिंग की है, लेकिन दर्शकों से इसे मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। अब अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में बनी रहने वाली अभिनेत्री कंगना रणौत ने फिल्म ब्रह्मास्त्र को लेकर करण जौहर से लेकर निर्देशक अयान मुखर्जी, आलिया भट्ट और रणबीर कपूर तक पर निशाना साधा है। यहां तक कि उन्होंने कमाल आर खान की गिरफ्तारी का आरोप भी लगाया है। ब्रह्मास्त्र को लेकर कंगना अपने अपने इंस्टा पर स्टोरी के जरिए एक के बाद एक कई तंज कसे हैं। कगंना ने एक नेगेटिव रिव्यू का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए लिखा ऐसा तब होता है, जब आप झूठ बेचने की कोशिश करते हैं। बोलते हैं, करण जौहर हर शो में लोगों को आलिया भट्ट-रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अयान मुखर्जी को जीनियस कहने के लिए मजबूर करते हैं, धीरे-धीरे वो इस झूठ पर विश्वास करने लगे....600 करोड़ का बजट एक ऐसे निर्देशक को दिया, जिसने अपने जीवन में कभी भी एक अच्छी फिल्म नहीं बनाई....भारत में फॉक्स स्टूडियो को फिल्म करनी पड़ी...इन जोकरो के कारण और कितने स्टूडियो बंद होंगे। कंगना यहीं नहीं रुकीं....एक्ट्रेस ने रणबीर-आलिया की शादी तक पर निशाना साधा और एक अन्य स्क्रीन शॉट को साझा करते हुए लिखा- अब उनक गुटबाजी उन्हीं को काट रही है, बेबी पीआर से शादी, मीडिया को नियंत्रित किया, केआरके जेल में, रिव्यू खरीदे टिकट खरीदे, । वे सब कुछ बईमानी से कर सकते हैं लेकिन बना नहीं सकते तो सिर्फ एक अच्छी ईमानदार फिल्म।

## शादी के चार घंटे बाद भागी दुल्हन

### *डेढ़ लाख देकर सीकर के दूल्हे से रीवा में तय हुआ था रिश्ता*

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राजस्थान के सीकर जिले का एक दूल्हा ठगी का शिकार हो गया। राजस्थान से मध्यप्रदेश के रीवा में शादी करने गए दूल्हे की दुल्हन शादी के महज चार घंटे बाद भाग गई। बिचौलिए ने शादी करवाने के लिए लड़की के परिवार से डेढ़ लाख रुपये लिए थे। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार वर पक्ष को सिर्फ लड़की का नाम और फोन नंबर पता है। शादी किस मंदिर में हुई, उन्हें यह भी नहीं पता। गया। शादी के बाद रीवा रेलवे स्टेशन से दुल्हन चकमा देकर फरार हो गई। लड़के वालों ने बताया कि दुल्हन के माता-पिता और पंडित सहित बिचौलिया फरार हैं। सभी के मोबाइल भी बंद हैं।

राजस्थान के सीकर की रहने वाली एक महिला के भाई कैलाश चन्द्र वर्मा की शादी नहीं हो रही थी। छह महीने पहले महिला की दोस्ती रीवा के एक युवक से हुई। युवक जल्द ही उसके घरवालों से घुलमिल गया। लड़के ने महिला के भाई की शादी कराने की बात कही। यहीं से ठगी की साजिश शुरू हो गई। युवक ने महिला को पांच लड़कियों को फोटो दिखाई। जब एक लड़की को महिला ने पसंद कर लिया तो युवक ने कहा कि लड़की गरीब परिवार की है। उसने लड़की का नाम शिवानी बताया। युवक ने महिला को बताया कि इस शादी में डेढ़ लाख रुपए लगेंगे। महिला राजी हो गई। परिवार के राजी होने पर सात सितंबर को शादी की तारीख तय की गई। इसी बीच बिचौलिए ने कहा कि लड़की के परिवार वाले शादी के खिलाफ हैं। ऐसे में शादी मंदिर में करवा दी जाए। उसके बाद बिचौलिए ने डेढ़ लाख रुपये लिए। उसके बाद लड़की के घरवाले भी तैयार हो गए। लड़की के माता-पिता पंडित की मौजूदगी में शादी हुई। शाम को एक ही ऑटो में दूल्हा, दुल्हन, दूल्हे का जीजा और दीदी अपने साथ दुल्हन की मां को लेकर रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुए। दुल्हन की मां बस स्टैंड पर उतर गई। इसके बाद दुल्हन रेलवे स्टेशन से भाग गई।

## राहुल गांधी की तरह सड़क पर होंगी `महुआ मोइत्रा', भाजपा का टीएमसी नेता पर वार

**नईदिल्ली, 10 सितंबर**

**( एजेंसी )**

तृणमूल कांग्रेस की फायरब्रांड नेता महुआ मोइत्रा पर भाजपा ने हमला बोला है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने हाल ही में हुई टीएमसी की एक बैठक का हवाला देते हुए कहा कि कुछ दिनों में राहुल गांधी की तरह महुआ मोइत्रा भी सड़क पर होंगी। दरअसल, इस बैठक में टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने महुआ मोइत्रा को अपने निर्वाचन क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने की नसीहत दी थी। अमित मालवीय ने ट्वीट किया, महुआ मोइत्रा, जिन्होंने मां काली को अपमानित किया, वामपंथी कबीले की पसंदीदा हैं, लेकिन अपनी ही पार्टी में अवांछित हैं। ममता बनर्जी ने उन्हें सार्वजनिक रूप से फटकार लगाई। इस तरह से वह राहुल गांधी की तरह जल्द ही सड़कों पर होंगी, हालांकि इसके पूरी तरह से अलग कारण होंगे।



### मां काली विवाद का दिया था हवाला

पिछले दिनों महुआ मोइत्रा ने मां काली को लेकर विवादित बयान दिया था, जिसके बाद जबरदस्त हंगामा हुआ। हालांकि, इसके बाद पार्टी ने महुआ के बयान से खुद को अलग कर लिया था। वहीं अभी हाल ही में हुई पार्टी की एक बैठक में ममता बनर्जी ने महुआ मोइत्रा को कड़ी फटकार लगाई थी, जिसके बाद महुआ ने एक लंबा फेसबुक पोस्ट लिखा था और कहा था कि मेरे नेता ने मुझसे अपने लोकसभा क्षेत्र में समय देने को कहा है, इसलिए मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि करीमपुर के किसी भी विकास कार्य के लिए अबू ताहिर से संपर्क करें।

### अपने निर्वाचन क्षेत्र में समय बिताने की दी थी नसीहत

दरअसल, हाल ही में हुई एक बैठक में टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने महुआ मोइत्रा से कहा था कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के बाहर पार्टी के संगठनात्मक मामलों में हस्तक्षेप न करें। ममता बनर्जी ने कहा, महुआ, कौन पद देता है और कौन नहीं, यह महत्वपूर्ण नहीं है। यह पार्टी का काम है। करीमपुर आपका क्षेत्र नहीं है। यह अबू ताहिर का क्षेत्र है। इस क्षेत्र को वह देखेंगे। आप अपने लोकसभा क्षेत्र पर ध्यान दें।

## लेवाना अग्निकांड में एलडीए और अग्निशमन विभाग के अफसर दोषी,सब पर कार्रवाई तय

**नईदिल्ली, 10 सितंबर**

**( एजेंसी )**

अफसरों की मिलीभगत और भ्रष्टाचार की नींव पर खड़े लेवाना सुइट्स होटल अग्निकांड की रिपोर्ट शुक्रवार देर रात प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को सौंप दी गई।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब और पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर की जांच में मुख्य रूप से लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को दोषी पाया गया है। जांच रिपोर्ट में इनके खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई है। सूत्रों के अनुसार भविष्य में लेवाना अग्निकांड जैसी घटनाओं को रोकने के लिए जांच रिपोर्ट में महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए हैं। इस बीच, एलडीए ने राजधानी में अवैध तरीके से बने 200 होटलों की सूची शासन व मंडलायुक्त को सौंप दी है। इनमें से 60 अवैध होटलों को सील करने का आदेश जारी कर दिया गया है। शासन ने एलडीए से ऐसे अवैध होटलों की सूची मांगी थी जिनके खिलाफ उसने कार्रवाई का दावा किया था। इस संबंध में सचिव आवास अजय चौहान की ओर से शुक्रवार को एलडीए को पत्र भेज भी भेजा गया था।

दरअसल, लेवाना मामले में गला फंसते देख एलडीए ने शासन को भरमाने के लिए उसी दिन अवैध निर्माण के लिए 22 इंजीनियरों को जिम्मेदार ठहराते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश कर दी थी। मामले को ठंडा करने के लिए यह भी बताया कि 140 अवैध होटलों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। इस पर अवैध होटलों की सूची तलब की गई थी। इससे पहले प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने अवैध निर्माण के लिए सिर्फ इंजीनियरों को जिम्मेदार ठहराने पर आपत्ति जताते हुए संबंधित अफसरों की सूची भी तलब की थी। एलडीए ने शासन को अवैध होटलों की जो सूची सौंपी है, उसमें बताया गया है कि उनमें क्या कमियां हैं?

### जिस होटल में आग लगी वह फिर हो गया खड़ा

नाका में 2018 में जिस विराट और एसएसजे इंटरनेशल होटल में आग लगने से सात लोगों की जान गई उनमें से एसएसजे इंटरनेशनल फिर से भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़ा हो गया। शमन मानचित्र स्वीकृत करने में सांठगांठ की गई। आवासीय नक्शे पर एलडीए के इंजीनियर, अधिकारियों ने उसे दोबारा से बनवा दिया। इसे जल्द ही शुरू किए जाने की भी तैयारी थी। लेवाना सुइट्स में आग लगने के बाद जागे प्राधिकरण ने शुक्रवार को इसको सील कर दिया। बहरहाल एलडीए के अधिकारियों का कहना है कि एसएसजे इंटरनेशनल होटल को सील करने के साथ ही अवैध निर्माण करने वाले होटलों के खिलाफ कार्रवाई की शुरुआत कर दी गई है।

## फूड पॉइजनिंग से पिता और पुत्र-पुत्री की मौत

### एक साथ तीन अर्थियां उठने पर गांव में पसरा सन्नाटा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाली में फूड पॉइजनिंग से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। डायलाना कल्ला गांव में रात का खाना खाने से पिता, बेटे और बेटी की तबीयत बिगड़ गई। तीनों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से गांव में शोक की लहर है।मीडिया रिपोर्टस के अनुसार डायलाना कल्ला निवासी सोहन मेघवाल के घर में मंगलवार की शाम मक्का की राब बनाया था। सोहन ने बताया कि बुधवार सुबह मां को छोड़ सभी ने मक्के का राब खाया। उसके बाद सभी ने शिकंजी बना कर पी। फिर खेत में काम करने चले गए। इसी दौरान काम पिता चेलाराम (45) पुत्र दलाराम मेघवाल, बहन गीता (23) पुत्री दलाराम और भाई उत्तम (20) पुत्र दलाराम को चक्कर आने लगे और उल्टी होने लगी। सभी को खिवाड़ा हॉस्पिटल ले जाया गया। तबीयत में सुधार नहीं होने पर पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, उसके बाद जोधपुर रेफर कर दिया गया। गुरुवार को इलाज के दौरान 20 साल के उत्तम मेघवाल की मौत हो गई। शुक्रवार को जोधपुर में पिता और पुत्री गीता ने भी दम तोड़ दिया। एक साथ जब तीन लोगों की गांव से अर्थियां उठी तो सभी की आंखें नम हो गई। परिवार के सदस्यों का यूं अकाल मौत की गोद में समा जाने से परिजन सदमे में हैं।

## न्यूज ब्रेक

### गजराजों ने पोड़ीकला में फसल रौंदकर गाय को किया घायल

**कोरबा, 10 सितंबर (एजेंसी)।** वनमंडल कटघोरा के पसान केंदई व एतमानगर रेंज में हाथियों का आतंक जारी है। पसान रेंज में सक्रिय 25 हाथियों के दल ने बीती रात पोड़ीकला गांव में उत्पात मचाते हुए जहां आधा दर्जन से अधिक किसानों की धान व मक्का फसल रौंद दी वहीं नवरतन नामक एक ग्रामीण के बाड़ी में बंधे गाय पर हमला कर दिया। हाथियों के हमले में गाय घायल हो गई। उधर एतमानगर क्षेत्र में पहुंचे हाथियों के 16 सदस्यीय दल नेशनल हाईवे को पार कर मानगुरु पहाड़ पहुंच गया है। यहां पहुंचने से पहले हाथियों ने रास्ते में बांगो पंचायत के आश्रित पचभैया पारा, चर्रा, कोनकोना व मानिकपुर में ग्रामीणों के खेत व बाड़ी में लगे धान, मक्का व अन्य फसलों को मटियामेट कर दिया है। रेंजर मनीष सिंह ने बताया कि 16 हाथियों के आमद से वन विभाग पूरी तरह अलर्ट हो गया है। हाथियों की निगरानी के साथ ही ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। नेशनल हाईवे पार करने के दौरान मार्ग पर जाम लगा रहा। उधर केंदई रेंज में पांच हाथियों का दल विचरणरत है जो लगातार दूसरे दिन भी परला में मौजूद रहकर फसल रौंद दी है।

### 10 क्विंटल लोहे के सरिया सहित आरोपीगण गिरफ्तार

**कोरबा 10 सितंबर (एजेंसी)।** प्रार्थी घनश्याम सिंह कंवर रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीडी फ्यूल्स पताढ़ी में मैनेजर के पोस्ट पर कार्यरत हूँ कि हमारे कार्य क्षेत्र में कंट्रक्सन कार्य हेतु आफिस के पीछे वर्ष 2021 व 2022 में खरीदकर लगभग 15 टन लोहे का छड रखा गया था जो कि 05 सितंबर 2022 को शाम 06.00 बजे देखा था तो समान सही सलामत था। दूसरे दिन 06 सितंबर 2022 को सुबह 10.00 बजे जब मैं डियुटी आया तो देखा कि कंट्रक्सन कार्य हेतु रखा गया 8 एमएम, 10 एमएम व 16एमएम लोहे के छड में से कुछ छड़ गायब था। आस पास पता तलास किया कोई पता नहीं चला किसी अज्ञात चोर द्वारा छड़ को चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना उरगा में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 379,34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना मुखबीर से सूचना मिलने पर संदेही आरोपी राम नरेश कुरे, बसंत कुमार, कुमार साय, रामलाल कोशले को तलब कर थाना लाकर पूछताछ पर चोरी करना स्वीकार किए। आरोपियों को के निशानदेही पर चोरी किया गया सरिया करीब 10 क्विंटल जप्त किया गया है। आरोपीगण को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

### एक किलो गांजे के साथ विक्रेता गिरफ्तार

**बिलासपुर, 10 सितंबर (एजेंसी)।** चकरभाठा पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर एक व्यक्ति को गांजा बेचते हुए गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से करीब एक किलोग्राम गांजा बरामद किया है।बता दें कि एसपी पार्स्ल माथुर ने अपराधों की रोकथाम के लिए वाट्सएप नंबर जारी किया है। इसी नंबर पर शुक्रवार की सुबह सूचना मिली कि चकरभाठा बस्ती में रहने वाला शत्रुहन साहू गांजा का व्यापार करता है।। सूचना पर चकरभाठा पुलिस ने युवक के ठिकाने पर दबिश दी। पूछताछ में शत्रुहन जवानों को गुमराह कर रहा था किंतु कड़ाई करने पर उसने गांजा बेचना स्वीकार कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने उसके पास से एक किलो गांजा जब्त किया है।

# ट्रकों से डीजल व बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा, 10 सितंबर (एजेंसी)।** 08 सितंबर 2022 को मुखबीर सूचना मिली कि गांधी नगर दीपका मे दो व्यक्ति अवैध रुप से दो नग 35-35 लीटर वाली जरीकेनों में डीजल व दो नग ट्रकों में लगने वाली बैटरीयां रखकर बिकी हेतु ग्राहक तलाश रहे है कि इस सूचना पर हमराह स्टाप एवं गवाहों को साथ लेकर मौके पर जाकर रेड कार्यवाही एवं घेराबंदी दौरान 02 व्यक्ति गांधीनगर सिरकी में फील कम्पनी के आफिस के सामने मिले जिनके मोटर सायकल की तलाशी लेने पर 02 नग 35-35 लीटर वाली जरीकेनों में डीजल भरा हुआ तथा 02 नग ट्रकों में लगने वाली बैटरीयां रखे हुए जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम क्रमशः रोशन कुमार सिंह पिता स्व कृष्ण शरण सिंह उम्र 24 वर्ष साकिन बेलटीकरी बसाहट दीपका हाल मुकाम एमडी 600 न्यू एमडी दीपका कालोनी नवल सिंह गोंड पिता मन्नु सिंह गोंड उम्र 19 वर्ष साकिन सिंघीया निवासी होना बताये। जिनसे दो नग बैटरी तथा 35-35 लीटर वाली जरीकेनों मे भरा हुआ डीजल एवं मोटर सायकल स्पेलेंडर रखने के संबंध में पूछताछ करने पर कोई युक्तियुक्त जवाब नही दिये, पृथक पृथक नोटिस देकर उक्त बैटरीयों के तथा डीजल को रखने के संबंध में वैध कागकात चाहा गया जो कोई वैध रसीद या दस्तावेज नही होना लिखित में देने पर उनके कब्जे से गवाहों के समक्ष चोरी के मशरूका होने के पूर्ण अंदेशा पर रोशन कुमार सिंह के कब्जे से 01 नग 35 लीटर वाली जरीकेन मे भरा हुआ लगभग 35 लीटर डीजल कीमती 3325 रुपये एवं 01 नग बिना नंबर की स्पेलेंडर मोटर सायकल तथा 01 नग बैटरी कीमती 5000 रुपये लगभग तथा नवल सिंह गोंड पिता मन्नु सिंह गोंड उम्र 19 साल साकिन सिंधीया के कब्जे से पेश करने पर एक नग 35 लीटर वाली जरीकेन मे भरा हुआ लगभग 35 लीटर डीजल कीमती 3325 रुपये तथा 01 नग बैटरी कीमती 4000 रुपये लगभग जुमला किमती 15,650 रुपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारीगण पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री संतोष सिंह भापुसे अति. पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री सुश्री लितेश सिंह को प्रकरण के हालात से अवगत कराकर एंव दिशा निर्देश मार्गदर्शन प्राप्त कर प्रकरण के आरोपी रोशन कुमार सिंह पिता स्व कृष्णशरण सिंह उम्र 24 वर्ष साकिन बेलटिकरी बसावट हाल मुकाम एमडी 600 न्यू एमडी दीपका कालोनी थाना दीपका, नवल सिंह गोड पिता मन्नू सिंह गोड उम्र 19 वर्ष साकिन सिधिंया थाना कटघोरा का कृत्य धारा 41-1,4, जाफौ/379 भादवि के तहत अपराध घटित करना पाये जाने से 08 सितंबर 2022 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। समस्त करवाही में थाना प्रभारी अनिल पटेल के नेतृत्व में स उ नि नेटी, आरक्षक शेख साहबान, सुरेंद सारथी, निर्मल सिदार की भूमिका रही।

## डिवाइडर से टकराने के बाद ऑटो और एक्टिवा से भिड़ी स्कूल बस

**कोरबा, 10 सितंबर (एजेंसी)।** सुरक्षित आवागमन को लेकर लगातार किए जा रहे दावों के बीच शहर में घटनाएं हो रही हैं। मुख्य मार्ग पर रोड डिवाइडर से टकराने के बाद एक स्कूल बस ने ऑटो और एक्टिवा को ठोक दिया। घटना के बाद मौके पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। कोतवाली पुलिस को इस बारे में जानकारी दी गई है। सविल लाइन क्षेत्र में संचालित न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल की बस संख्या सीजी 12 एक्स 0334 के चालक की लापरवाही से शुक्रवार को सुबह मुख्य मार्ग पर यह दुर्घटना हुई। बस का चालक इस वाहन को लेकर बरपाली की तरफ जा रहा था। घटना के दौरान इसमें चालक और हेल्पर के अलावा और कोई सवार नहीं था। पुराने बस स्टैंड से 300 मीटर की दूरी पर गोपाल मोदी के पेट्रोल पंप के ठीक सामने यह बस पहले रोड डिवाइडर से जा भिड़ी। इसके बाद सड़क पर आकर रुके एक सवारी ऑटो को इसने अपनी चपेट में लिया। यह सिलसिला यहीं पर खत्म नहीं हुआ। अगली कड़ी में स्कूल बस में एक एक्टिवा को भी निशाने पर लिया। सुबह-सुबह हुए इस घटनाक्रम से मुख्य मार्ग पर आवाजाही करने वाले लोग सकते में आ गए और कुछ ही देर के बाद यहां जाम की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान बस चालक से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह खाली वाहन लेकर विद्यार्थियों को लेने के लिए बरपाली जा रहा था। क्योंकि वह सामान्य हालत में ही है लेकिन चालक नहीं से इनकार किया। घटना में नगर निगम की संपत्ति के साथ साथ ऑटो और एक्टिवा को नुकसान हुआ है। इसे लेकर स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया है जिस पर निजी स्कूल के बस चालक के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही गई है। जांच अभियान पर सवाल शिक्षा सत्र की शुरुआत होने के बाद परिवहन विभाग के द्वारा समस्त स्कूली बसों के वाहनों की फिटनेस जांच करने के लिए विशेष मुहिम चलाई गई थी। उनकी स्थिति का पता लगाने का प्रयास किया गया था और इस आधार पर फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किए गए थे।

### लीगल डिफेंस काउंसिल सिस्टम के पदों में नियुक्ति के लिए आवेदन 15 तक बढ़ाई गयी

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ के 18 जिलों में लीगल डिफेंस काउंसिल सिस्टम (एलएडीसीएस) के लिए चयनित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत अधिवक्ताओं की नियुक्ति हेतु कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम भादुढी, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। प्रदेश के 18 जिलों में से राजनांदगांव जिले में भी लीगल डिफेंस काउंसिल सिस्टम में नियुक्ति हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी हैं। जिला राजनांदगांव में लीगल डिफेंस काउंसिल सिस्टम के संचालन हेतु चीफलीगल डिफेंस काउंसिल के लिए एक पद, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल के लिए दो पद और एसिसटेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के लिए दो पद के लिए नियुक्ति की जानी है। जिसके लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। इच्छुक अधिवक्ता जो कि निर्धारित मापदण्डों को पूर्ण करते हो, वे 15 सितम्बर 2022 के सायं 5 बजे तक व्यक्तिगत रूप से या डाक के माध्यम से अपना आवेदन विहित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के कार्यालय में जमा या प्रेषित कर सकते है।



**(रायपुर) शंखों की समवेत ध्वनि और पुष्प वर्षा से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत किया गया। कलेक्टोरेट के बोर्ड का अनावरण और फीता काटकर शुभारंभ किया। 11 पंडितों द्वारा मंत्रोज्चार और शंखों की ध्वनि के बीच कलेक्टोरेट का उद्घाटन हुआ। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, कोरिया जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया और कोरबा की सांसद श्रीमती च्योत्सना महंत एवं कोरिया जिले के तीनों विधायक भी उपस्थित हैं।**

## ट्रेलर के रौंदने से बाइक चालक युवक की मौके पर मौत

**कोरबा,10 सितंबर (एजेंसी)।** जिले के पाली थानांतर्गत ईरफ मुख्य मार्ग में ओवरब्रिज के पास आज सुबह 11 बजे के लगभग ट्रेलर के रौंदने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो जाने के बाद ग्रामीणों ने उग्र चक्काजाम कर दिया। जिससे कि आवागमन इस मार्ग पर घंटों बाधित रहा। जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक को पाली थानांतर्गत ईरफमुख्य मार्ग में ओवरब्रिज के पास ट्रेलर चालक ने लापरवाहीपूर्वक अपने वाहन की जद में लेते हुए रौंद दिया। जिससे कि बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना की खबर जंगल में लगी आग की तरह चारों ओर फैल गई। जिसके कारण देखते ही देखते दुर्घटना स्थल पर सैकड़ों लोगों का हुजूम एकत्रित हो गया। यहां तक कि आने.जाने वाले अन्य वाहनों के चालक व वाहनों के रोक दिए जाने के कारण आवागमन पूरी तरह से अवरूद्ध हो गया। वहीं दुपहिया एवं अन्य वाहनों के माध्यम से इस मार्ग पर आवागमन करने वाले भी इस भीषण चक्काजाम में बुरी तरह से फंस गए। जिसके कारण भीड़ की संख्या बढ़ती ही चली गई। इस दुर्घटना की सूचना पाली टीआई तेज यादव को मिली। जिसके बाद वे हमराह स्टाफके साथ घटना स्थल पहुंचे। वहीं उन्होंने अपने मातहत चैतमा चौकी के प्रभारी पुरुषोत्तम उइके व उनके यहां के स्टाफ को भी दुर्घटना स्थल ईरफमेन रोड बुलवा लिया। इसके बावजूद भी दुर्घटना स्थल पर ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों की इतनी भीड़ एकत्रित होकर मुआवजे व बड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। जिसके कारण पुलिस को भी काफी देर तक स्थिति को नियंत्रित करना मुश्किल हो गया था।

# वाहनों के दबाव और चखना दुकानों ने बढ़ाई परेशानी

**कोरबा, 10 सितंबर (एजेंसी)।** मुड़ापारा अमरैया बायपास की दुर्गति को लेकर लोग पहले ही परेशान हैं और इन सब के बीच अब इस रास्ते पर 50 से ज्यादा चकना दुकानें खुल जाने से हादसों की आशंका और ज्यादा बढ़ गई है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि आस-पास के लोगों ने इस बारे में आबकारी विभाग और पुलिस को अवगत कराया है लेकिन एक तरह से इसे अनसुना कर दिया गया। कोयला और दूसरे भारी वाहनों की आवाजाही के लिए प्रशासन के द्वारा कई दशक पहले अमरैया डायवर्शन रोड तैयार किया गया। लंबे अरसे तक इसका उपयोग सामान्य रूप से होता रहा और इस दौरान सड़क का कचूमर निकल गया। पूर्व कलेक्टर रजत कुमार के कार्यकाल में 18 करोड़ की लागत से सीसी रोड तैयार की गई। वाहनों के दबाव से अब इस की दुर्गति हो गई है। इसी इलाके में आबकारी विभाग के द्वारा देसी विदेशी शराब दुकान का संचालन किए जाने का नतीजा यह हुआ कि सड़क के दोनों तरफ 50 से ज्यादा चखना दुकाने शुरू हो गई हैं। सुबह से रात तक यहां पर काफी मजमा लगा रहता है और तरह तरह की हरकतें होते रहती है। जिस इलाके में यह सब हो रहा है वहां घनी आबादी वाला क्षेत्र है। नागरिकों का कहना है कि बाईपास रोड पर वाहनों के दबाव और चखना दुकानों की बाढ़ आने से हादसों की आशंका बढ़ती जा रही है। कई मौकों पर रोक ऐसी घटनाओं का शिकार हो चुके हैं। आबकारी विभाग के साथ-साथ पुलिस की जानकारी में यह बात लाई गई है लेकिन अब तक इस तरह की गतिविधियों की रोकथाम के लिए उचित कदम नहीं उठाए गए इससे लोगों में नाराजगी हैं। याद रहे कोरबा जिले में अनेक स्थानों पर शराब दुकानों के कारण हो रही मुश्किलों को लेकर लोगों ने आंदोलन खड़ा किया और इसके बाद कई प्रकार के विकल्प देने की व्यवस्था की गई। लोग चाहते हैं कि बायपास रोड पर जो खतरे बने हुए हैं उन्हें खत्म करने के लिए गंभीरता दिखाई जानी चाहिए।

## भिलाई निगम ने नंदनी रोड के चखना सेंटर पर की कार्रवाई, प्रतिबंधित प्लास्टिक भी किया जब्त

### सड़क बाधा करने वालों से वसूला जुर्माना

**भिलाई, 10 सितंबर (एजेंसी)।** नगर पालिक निगम भिलाई ने आज नंदनी रोड शराब दुकान के पास चखना सेंटर लगाने वालों को हटवाया। नंदनी रोड स्थित शराब दुकान के आसपास खुले में अहाता लगाकर चखना सेंटर संचालित किया जा रहा था। नगर निगम की टीम पहुंची और सभी चखना सेंटर को वहां से खाली कराया। इसके साथ ही इन दुकानों से प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर भी करवाई की। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने सड़क बाधा, यातायात प्रभावित करने, कचरा फैलाने और प्रतिबंधित प्लास्टिक पर विशेष तौर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में आज नगर निगम की टीम अपने दल बल एवं आवश्यक संसाधनों के साथ नंदनी रोड शराब दुकान के पास पहुंची और चखना सेंटर को हटाते हुए रास्ते को खाली कराया। इधर नेहरू नगर जोन क्षेत्र अंतर्गत सड़क बाधा करते हुए व्यवसाय करने वाले योगेश कुमार देवांगन से 2000 रुपए एवं आर्य नगर कोहका रोड पर व्यवसाय करने वाले मोहन साहू से 5000 रुपए सड़क बाधा शुल्क लिया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने शहर की सुंदरता पर दाग लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश निगम को दिए हैं। इसी तारतम्य में निगम प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।



(रायपुर) मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के प्रथम पुलिस अधीक्षक टी.आर कोशिमा को पदभार ग्रहण कराया। उन्होंने नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### जिला न्यायाधीश ने किया वाटर कूलर का लोकार्पण

**कोरबा,** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोरबा डी.एल. कटकवार द्वारा पेयजल वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा पूजा अर्चना फीता काटकर एवं एसबीआई के पट्टी का अवलोकन कर लोकार्पण किया गया। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा लोक कल्याणकारी हेतु विभिन्न योजना चलाया जा रहा है। इन्हीं योजनाओं में से निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत जिला न्यायालय कोरबा के प्रथम तल पर अधिकारी कर्मचारी अधिवक्ता एवं रोज सैकड़ों की संख्या में शहर गांव से आने वाले पक्षकारों को शुद्ध शीतल पेयजल व्यवस्था हेतु भारतीय स्टेट बैंक द्वारा वाटर कूलर का स्थापना किया गया है।

## 6 किमी साइकिल चलाकर दिया पोषण जागरूकता का संदेश

**दुर्ग, 10 सितंबर (एजेंसी)।** स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम उत्कृष्ट विद्यालय नगपुरा से आज पोषण जागरूकता को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में छात्राएं, महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारियों ने साइकिल में लगभग 5 कि.मी. की यात्रा नगपुरा क्षेत्र की परिधि में की और आम नागरिकों के बीच पोषण के संबंध में प्रचार-प्रसार किया। यह रैली स्वामी आत्मानंद स्कूल से शुरू हुई और नगपुरा ग्राम से होते हुए स्कूल में ही समाप्त हुई। रैली में सही पोषण देश रोशन और गढ़बो सुपोषित छत्तीसगढ़ के संदेश को प्रसारित किया गया। पोषण जागरूकता के लिए इस रैली में जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी रिवेन्द्र यादव ने उपस्थित जनों को छत्तीसगढ़ को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए शपथ ली। इस अवसर पर शालिनी यादव ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि अभियान के माध्यम से जन-जन तक सुपोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता के संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है, जिसके सकरात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। यही कारण है कि दुर्ग जिला राज्य में सबसे कम कुपोषित जिलों की तालिका में तीसरे स्थान पर आता है। इसके साथ-साथ उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि महिलाओं और बच्चों के सुपोषण पर वो ज्यादा से ज्यादा ध्यान दें ताकि गढ़बो सुपोषित छत्तीसगढ़ के नारे को धरातल पर सकार किया जा सके। उल्लेखनीय है कि कुपोषण एवं एनीमिया के स्तर में उल्लेखनीय कमी लाने व सुपोषित भारत की अवधारणा को साकार करने के उददेश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**कोरबा, 10 सितंबर (एजेंसी)।** पाली थाना क्षेत्र के चेतमा मुख्यमार्ग पर शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। बाद में पुलिस की समझाइश के बाद ग्रामीण वहां से हटे और यातायात शुरू हुआ। मिली जानकारी के अनुसार पाली थानांतर्गत चेतमा में शुक्रवार सुबह निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास ग्राम ईरफ निवासी एक युवक अपनी मोटरसाइकिल सेअपनी बहन को छोडने चैतमा की ओर गया था.जहां से वह वापस आर रहा था इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रेलर ने राहुल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों ने मृतक युवक का शव रास्ते में रखकर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जिससे बिलासपुर से अम्बिकापुर की ओर जाने वाले वाहनों की लम्बी कतार लग गई। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद नायब तहसीलदार ममता रात्रे घटना स्थल पर पहुंचीं और मृतक के परिजनों को तात्कालिक सहायता राशि उपलब्ध कराई गई तथा पुलिस ने मृतक के परिजनों और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाईश देकर शांत कराया और शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

# जनसामान्य की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें राजस्व अधिकारी - कलेक्टर

### सभी एसडीएम गौठान के लिए अनिवार्य रूप से शासकीय भूमि उपलब्ध कराने के दिए निर्देश, कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर उनके कार्यों की गहन समीक्षा की

**राजनांदगांव 10 सितंबर (एजेंसी)।** कलेक्टर डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर उनके कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी जनसामान्य की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें। नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए शीघ्र निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्कूलवार 6वीं से 12वीं तक के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि गौठान के लिए अनिवार्य रूप से शासकीय भूमि उपलब्ध कराएं। गौठान के कार्यों में गति देते हुए शासन की फ्लैगशिप सुराजी गांव योजना एवं गोधन न्याय योजना क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि युवा मितान क्लब को टीकाकरण एवं अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों से जोडने की जरूरत है। उन्होंने नये जिलों के गठन के बाद राजस्व प्रकरण संबंधित जिलों में रिकार्ड रूम भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने भू-अर्जन के मुआवजा भुगतान की स्थिति लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि भू-भाटक वसूली के अंतर्गत विशेष प्रयास करें और लगातार फॉलोअप लेते रहें। कलेक्टर सिंह ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के संबंध में कहा कि पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने की दिशा में प्राथमिकता देते हुए कार्य करें। न्यायालय के लंबित प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण कर लें। स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की अद्यतन जानकारी, असर्वेक्षित ग्रामों का अभिलेख निर्माण, जिले में कुल अविवादित नामांतरण की जानकारी, न्यायालयवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा रिपोर्ट, अविवादित खाता विभाजन-बंटवारा की जानकारी, लंबित सीमांकन की जानकारी, लंबित व्यपवर्तन, भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों की स्थिति, नगरीय क्षेत्रों में शासकीय नजूल भूमि का आबंटन, नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमित शासकीय भूमि का व्यवस्थापन, नजूल पट्टों का भूमिस्वामी हक में परिवर्तन, पट्टाधृति अधिकारों का प्रदाय किया जाना अधिनियम 1984 संशोधन अधिनियम 2002, 2019 योजना अंतर्गत प्रदत्त पट्टों का भूमिस्वामी हक में परिवर्तन, नजूल भू-भाटक की वसूली, माननीय उच्च न्यायालय के निर्देश का पालन हेतु शेष प्रकरण, ई-कोर्ट की जानकारी, डिजिटल हस्ताक्षर से हस्ताक्षरित खसरों की संख्या व प्रतिशत, भुईयां साफ्टवेयर में अभिलेख शुद्धता की जानकारी, नामांतरण पंजी की संख्यात्मक जानकारी, शासकीय भूमि आबंटन शासकीय विभागों के लिए लंबित आवेदन, आदिवासी भूमि बिक्री मंजूरी के प्रकरण, न्यायालयवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा रिपोर्ट वृक्ष कटाई हेतु अनुमति, जिले के निर्णित प्रकरणों को अभिलेखागार में जमा किये गये प्रकरणों की जानकारी, वन अधिकार मान्यता पत्र के ऑनलाईन एन्ट्री, स्केनिंग, अपलोडिंग का कार्य, धारा 145 के संबंध में जानकारी, आरबीसी 6-4 के प्रकरणों की जानकारी, लंबित आवेदन की रिपोर्ट कार्यालयवार दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, संयुक्त कलेक्टर इंदिरा देवहारी, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा सहित अन्य एसडीएम एवं राजस्व अधिकारी वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

# संवाद साधना

## राजधानी

महासमुंद, शनिवार 10 सितंबर 2022




## न्यूज ब्रेक

### पत्नी को आग से जलाया, पति फरार

**रायपुर 10 सितंबर ( एजेंसी )।** दुर्गानगर पंडरी में एक युवक ने अपनी पत्नी के शरीर में मिट्टी तेल डालकर आग लगा दी। जिससे गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया कुक्की बांधे उर्फ दशमत बाई 25 वर्ष ने पुलिस को बताया कि उसका पति आरोपी किशोर बांधे ने हत्या करने के नियत से मिट्टी तेल डालकर आग लगा दिया। जिससे प्रार्थिया गंभीर रूप से झुलस गई। आसपास के लोगों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्रार्थिया का उपचार जारी है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 307 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**रायपुर 10 सितंबर ( एजेंसी )।** शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय प्रार्थिया ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी शुभम प्यासी ने शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा। जिसके बाद आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 376 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### नौकरी लगाने का झांसा देकर 40 हजार से अधिक की ठगी

**रायपुर 10 सितंबर ( एजेंसी )।** इंडिको एयर लाइंस में नौकरी लगाने का झांसा देकर युवती से 40600 रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया तीरथ बाई भारद्वाज 21 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी श्रुति शर्मा व काव्या वर्मा ने प्रार्थिया को इंडिको एयर लाइंस में नौकरी लगाने का झांसा देकर फोन पे के माध्यम से 5 बार 40600 रुपए आहरण कर लिया। जिसके बाद आरोपी महिलाओं ने अपना मोबाइल बंद कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी महिलाओं के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पूर्व विवाद के चलते दो पक्ष भिड़े

**रायपुर 10 सितंबर ( एजेंसी )।** सत्यम विहार कालोनी में पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थिया प्रियंका साहू 17 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपिया यशोदा एवं उनकी दो लड़की ने पूर्व विवाद के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किए। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थिया यशोदा प्रधान 23 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि आरोपी प्रियंका साहू, नोवल साहू व अन्य ने पूर्व विवाद के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# मुख्यमंत्री ने मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का शुभारंभ किया

**क्षेत्रवासियों का वर्षों पुराना संकल्प पूरा हुआ : भूपेश बघेल**

**रायपुर 10 सितंबर ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मनेन्द्रगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने 200 करोड़ 73 लाख रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का फूलमाला, मुकुट पहनाकर, पुष्प वर्षा तथा सरोपा भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने अभूतपूर्व अभिनंदन के लिए क्षेत्रवासियों का आभार जताया और नए जिले की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 9 महीने की 9 तारीख को क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। क्षेत्रवासियों का वर्षों पुराना सपना पूरा हुआ है। यह शुभ दिन इतिहास में दर्ज हो गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चिरमिरी के 100 बिस्तर अस्पताल को जिला अस्पताल बनाने, मनेन्द्रगढ़ के सिद्ध बाबा मंदिर को पर्यटन विभाग द्वारा विकसित करने और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के विकास के लिए तीन-तीन करोड़ देने के घोषणा की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमने अपने कार्यकाल में अब तक 6 जिला और 85 तहसील बनाए। सबसे पहले हमने गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले का गठन किया उसके बाद अन्य 5 जिला का गठन किया। जिले और तहसील बनाने का उद्देश्य प्रशासन को जनता के अधिक करीब लाना है। जितना जिला, तहसील, अनुविभाग कार्यालय जनता के करीब रहेंगे उतनी ही तेजी से और प्रभावी रूप से शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन होगा और युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों को योजनाओं का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तेजी से विकास के रास्ते में आगे बढ़ रहे हैं। पहले बिजली मध्यप्रदेश से आती थी अब छत्तीसगढ़ में उत्पादित होती है।



हमने कर्ज माफी, राजीव गांधी न्याय योजना के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचाया। उन्होंने कहा कि लघु वनोपज की सबसे ज्यादा कीमत छत्तीसगढ़ में है। आज हम 65 लघु वनोपज की खरीदी कर रहे है। दुनिया में छत्तीसगढ़ पहला राज्य है जहां गोबर की खरीदी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल की शुरूआत की गई है। वर्तमान में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के 247 स्कूल और 32 हिन्दी माध्यम स्कूल संचालित हो रहे हैं। आगामी सत्र में 422 हाई और हायर सेकेण्डरी को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में उन्नत किया जाएगा। नया रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्कूल खुलेगा, जिसका लाभ छत्तीसगढ़ के बच्चों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए रामवन गमन पथ को विकसित किया। साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में घोटुल और देवगुड़ी का संरक्षण किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, विधायक श्रीमती अम्बिका सिंहदेव, गुलाब कमरो, विनय जायसवाल ने भी संबोधन दिया। कार्यक्रम में लोक निर्माण एवं गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया और अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सारखी अभनपुर हत्या का खुलासा, देवर ने की थी भाभी की हत्या

**रायपुर 10 सितंबर ( एजेंसी )।** अभनपुर के ग्राम सारखी में गत 6 सितंबर को हुई महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने मृतका के देवर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के अनुसार भाभी के साथ अवैध संबंध के चलते उसने हत्या की घटना को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सारखी शांति नगर में रहने वाली लताबाई साहू पति देवनाथ साहू की 6 सितंबर को उसके घर पर लाश मिली थी। इसकी जानकारी मृतका के पति देवनाथ ने थाना अभनपुर में दी थी जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना अभनपुर में धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। मामले में वरिष्ठ अधिकरियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना अभनपुर की संयुक्त टीम द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी एवं घर के अन्य सदस्यों सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया। इसी दौरान टीम के सदस्यों को जानकारी प्राप्त हुई कि प्रार्थी के चचेरे भाई वीरेन्द्र उर्फवीरू साहू जो प्रार्थी के घर के बाजू में रहता है को अंतिम बार प्रार्थी के घर से निकलते देखा गया था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा वीरेन्द्र उर्फवीरू साहू से पूछताछ करने पर वह बार-बार अपना बयान बदलता था, जिससे टीम के सदस्यों को उस पर शक हुआ तथा उसके संबंध में जानकारी एकत्र करना प्रारंभ किया गया। इसी दौरान टीम के सदस्यों को वीरेन्द्र उर्फवीरू की घटना में संलिप्त होने का अहम सुराग मिला। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा वीरेन्द्र उर्फवीरू साहू से पुन: कड़ाई से पूछताछ करने पर वह अपने झूठ के सामने टिक न सका और अंतत: अपनी भाभी लता बाई साहू की हत्या करना स्वीकार की लिया। पुछताछ में आरोपी वीरेन्द्र उर्फवीरू साहू ने बताया कि उसका अपनी भाभी मृतिका लता बाई साहू के साथ विगत कुछ वर्षो से अवैध संबंध था तथा मृतिका लता बाई साहू आरोपी वीरेन्द्र उर्फ वीरू के न चाहने पर भी बार-बार अपने साथ शारीरिक संबंध बनाने हेतु मजबूर करती थी जिससे परेशान होकर आरोपी ने मृतिका की हत्या करने की योजना बना डाली तथा मौका पाकर मृतिका के घर जाकर रस्सी से उसका गला दबाकर हत्या कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त रस्सी जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

## फैक्ट्री में चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर 10 सितंबर ( एजेंसी )।** दतरेंगा रोड कांदुल मुजगहन स्थित यूपीवीसी विंडो फैक्ट्री से कम्प्यूटर, टी.व्ही., स्वाईप मशीन, ड्रील मशीन, कटींग मशीन, ब्रोकर मशीन एवं हैमर मशीन को चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।मिली जानकारी के अनुसार मुजगहन थानक्षेत्र के दतरेंगा रोड कांदुल मुजगहन स्थित यूपीवीसी विंडो फैक्ट्री 20 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर फैक्ट्री से कम्प्यूटर, टी.व्ही., स्वाईप मशीन, ड्रील मशीन, कटींग मशीन, ब्रोकर मशीन एवं हैमर मशीन की चोरी कर ली थी। मामले की शिकायत फैक्ट्री के सुपरवाईजर राजा साहू ने थाना मुजगहन में की थी। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफअपराध दर्ज कर उनकी खोजबीन शुरू कर दी थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना मुजगहन पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी, फैक्ट्री मालिक सहित आस-पास के लोगो से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही घटनास्थल तथा उसके आस-पास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करते हुए प्रकरण में अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाये गये। टीम के सदस्यों द्वारा तरीका वारदात के आधार पर चोरी के पुराने एवं हाल ही में जेल से रिहा हुए आरोपियों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान टीम के सदस्यों को जानकारी मिली कि बोरियाखुर्द टिकरापारा निवासी वीरेन्द्र सिंग जो पूर्व में भी चोरी के प्रकरणों में जेल निरूद्ध रह चुका है को अपने साथियों के साथ घटना स्थल के आस-पास चार पहिया वाहन के साथ संदिग्ध रूप से देखा गया था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा वीरेन्द्र सिंग की पतासाजी कर पकड़ा गया। वीरेन्द्र सिंग से चोरी की उक्त घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा किसी भी प्रकार से चोरी में अपनी संलिप्तता नही होना बताते हुए लगातार टीम को गुमराह किया जा रहा था, कि प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर टीम के सदस्यों द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर वीरेन्द्र सिंग द्वारा अपने अन्य साथी विक्रम साहू, भूषण पटेल एवं गोपाल नेताम के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने चोरी में संलिप्त अन्य आरोपी विक्रम साहू, भूषण पटेल एवं गोपाल नेताम को भी पकड़ा गया। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की एल.ई.डी टी.व्ही, ब्रोकर मशीन, कम्प्यूटर मॉनिटर, यू.पी.एस, ड्रील मशीन, कटर मशीन, इंडक्शन चूल्हा एवं घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन टाटा सूमो वाहन जप्त कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की है।

## हीरोईन चिटटा बिक्री करने वाले दो गिरफ्तार

**पंजाब से हीरोईन चिटटा लाकर रायपुर में करते थे बिक्री**

**रायपुर 10 सितंबर ( एजेंसी )।** राजधानी के टाटीबंध में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लाख 75 हजार कीमत का मादक पदार्थ हीरोईन चिटटा बरामद किया है।

पंजाब निवासी दो आरोपी पंजाब से हीरोइन लाकर राजधानी में स्थानीय सहयोगियों की मदद से विक्रय करते थे। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को पुलिस को सूचना मिली कि सरोना रेलवे स्टेशन ओवर ब्रिज के नीचे टाटीबंध में मोटर सायकल स्पेलण्डर क्रमाक सीजी04-एम- 7239 मे सवार दो लोग अपने पास भारी मात्रा मे मादक पदार्थ हीरोईन चिटटा रखे हुये एंव बेचने के लिये ग्राहक तलाश कर रहे है। सूचना पर उक्त सूचना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर उक्त दोनों व्यक्तियो को मोटर सायकल के साथ पकड़ा तथा उनकी तलाशी ली। तलाशी में पुलिस को उनके पास से 35 ग्राम मादक पदार्थ हीरोईन (चिटटा) कीमत 1 लाख 75 हजार रूपये मिला जिसे जब्त कर लिया गया। पुछताछ में आरोपियों ने अपना नाम रेशम सिंह पिता गोबिन्दर सिंह उम्र 39 वर्ष तथा जजबीर सिंह पिता रंजीत सिंह उम्र 35 वर्ष बताया। दो आरोपी मूलत: पंजाब के रहने वाले है तथा पेशे से वाहन चालक है जो पंजाब से हीरोइन लाकर स्थानीय सहयोगी के मदद से यहां बेचते है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 21 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है।

## 14 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर ।** राजधानी पुलिस ने जुआरियों एवं सटोरियों के खिलाफअभियान चलाकर अलग-अलग मामलों में 14 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियो के पास से ताशपत्ती समेत नकदी 7115 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने गोडवाना भवन के पास जुआ खेलते हुए आरोपी आशीष गुप्ता 28 वर्ष समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से ताशपत्ती समेत नकदी 1580 रुपए जब्त किया है। इसी तरह खरोरा पुलिस ने जुआ खेलते चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन चारों के पास से ताशपत्ती समेत नकदी 930 रुपए जब्त किया है। वहीं राखी पुलिस ने इंद्रावती भवन पार्किंग के पास जुआ खेलते आरोपी नीलकंठ साहू 33 वर्ष सहित अन्य 5 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती समेत नकदी 4605 रुपए जब्त किया है। सभी आरोपियों के खिलाफपुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



( रायपुर ) मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नवीन जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री बघेल को पुलिस बैंड द्वारा जनरल सेल्यूट की धुन बजाकर दी गई सलामी।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायपुर 10 सितंबर ( एजेंसी )।** निर्माणाधीन मकान में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। माामले में गंज थाना पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रामप्रसाद यादव 22 वर्ष नारायणपुर जिला बेमेतरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह सुरेश कुमार पटेल के निर्माणाधीन मकान में टूल्लू पंप से दीवाल पर पानी डाल रहा था, तभी करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। जिससे पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने आरोपी ठेकेदार बलदाउ प्रसाद वर्मा के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### हेरोइन के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर 10 सितंबर ( एजेंसी )।** आमानाका पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सरोना रेलवे स्टेशन पास 35 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति बाइक क्रमांक सीजी 04 एम 7239 में घुमते हुए सरोना रेलवे स्टेशन के नीचे ओव्हर ब्रीज के पास मादक पदार्थ बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, तो आरोपियों ने अपना नाम रेशम सिंह 39 वर्ष व जगबीर सिंह 35 वर्ष बताया। पुलिस ने आरोपियों की तलाशी ली, तो उन दोनों के पास से 35 ग्राम हेरोइन चिट्टा मिला। जिसकी कीमत करीब 1 लाख 75 हजार रुपए के आसपास है।

### *कंपनी के मेल आईडी का गलत उपयोग कर करोड़ो रुपए की ठगी*

**रायपुर 10 सितंबर ( एजेंसी )।** श्री नकोड़ा इस्पात कंपनी की पूर्व महिला मैनेजर ने कंपनी के मेल आईडी का गलत उपयोग कर 5 करोड़ से अधिक की राशि गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफअपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार शंकरनगर निवासी अजय कुमार दुबे ने मोवा थाना में शिकायत किया कि आरोपिया माहि बत्रा 41 वर्ष पूर्व में रेलवे क्रॉसिंग मोवा स्थित श्री नकोड़ा इस्पात कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत थी। इस दौरान आरोपी महिला ने स्वयं को कंपनी का सिनियर पर्चेश मैनेजर बताकर अवैध रूप से कंपनी के मेल आईडी का गलत उपयोग कर कंपनी को 5 करोड़ 41 लाख 88211 रुपए का नुकसान पहुंचाया। जिसके बाद आरोपी महिला कंपनी छोड़कर फरार हो गई। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धारा आई. टी एक्ट 66 सी, 66 डी, 419, 468, 471, 120 बी के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### वैज्ञानिक पदों के लिए भर्ती परीक्षा 11 को

**रायपुर,** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर के द्वारा आयोजित वैज्ञानिक पदों हेतु भर्ती परीक्षा 11 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक रायपुर शहर के निर्धारित 21 परीक्षा केन्द्रों में संचालित किया जायेगा। इस परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर रूचि शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सीआईआई वायआई युवा उत्सव का आयोजन करेगा 16 को

**रायपुर 10 सितंबर ( एजेंसी )।** पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए सिद्धार्थ अग्रवाल, सतीष पाण्डेय, आदित्य मुंदड़ा, रीतेश गांधीचा एवं अक्षय शुक्ला ने संयुक्त रूप से बताया कि सीआईआई वायआई युवा उत्सव का आयोजन का मुख्य उद्देश्य बेरोजगारों को रोजन्मोमुखी कार्यक्रमों के प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें बड़े संस्थानों में भर्ती के साथ ही कार्य की दिशा में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों को मदद पहुंचाना है। उक्त उद्देश्य को मद्देनजर रखते हुए शनिवार 16 को रायपुर के दीनदयाल ऑडिटोरिम में युवा उत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें रायपुर शहर के 8 से अधिक कॉलेजों/विश्वविद्यालयों के 1,500 से अधिक विद्यार्थी शामिल यह भारतञ्च75 के अमृत महोत्सव के आयोजन का एक अहम हिस्सा है। जो कि युवाओं की आवाज और योगदान का जश्न मनाने का वर्ष है। युथ कॉन्क्लेव, युवाओं को प्रमुख पहलुओं पर रोमांचक प्रारूपों के माध्यम से एकजुट होने, सह-निर्माण और विचार करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा, जो उद्यमिता, व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास पर केंद्रित सत्रों के माध्यम से उनके भविष्य को आकार देने में मदद करेंगे। इस कार्यक्रम में, पूरे भारत से प्रसिद्ध अतिथि वक्ता होंगे, जो विद्यार्थियों को उद्यमिता और रोजगार सृजन चुनने के लिए प्रेरित करने वाले विभिन्न सत्रों को कवर करेंगे।

### कलर्स मॉल से बाइक पार

**रायपुर ।** कलर्स माल के पास से अज्ञात चोर ने बाइक पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार अमलीडीह निवासी प्रार्थी सूरज सिंह ठाकुर 20 वर्ष अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमएल 8828 को कलर्स माल के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## नड्डा की स्वागत रैली में भाजपा ने दिखाई कार्यकर्ताओं की ताकत

**रायपुर 10 सितंबर ( एजेंसी )।** भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के आगमन पर मेगा रोड शो का आयोजन कर कार्यकर्ताओं की ताकत का जोरदार प्रदर्शन किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन करने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा का विशाल रोड शो दीनदयाल चौक तेलीबांधा से आरंभ हुआ। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री डी. पुरंदेश्वरी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा



पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। भाजपा अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के रोड शो के आरंभ स्थल से लेकर पूरे मार्ग पर नर्तक मंडलियां लोकशैली में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रही थीं। दोपहर 1.30 बजे आरंभ हुए रोड शो में शामिल होने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से कार्यकर्ता पहुंचे। भाजपा अध्यक्ष की स्वागत रैली दीनदयाल चौक से आरंभ होकर मरीन ड्राइव, भगतसिंह चौक, साक्षरता तिराहा, अंबेडकर चौक, शास्त्री चौक होते हुए एकात्म परिसर पहुंचेगी। मार्ग में जगह जगह बनाये गये स्वागत स्थलों पर श्री नड्डा का स्वागत किया जा रहा है। रोड शो के दौरान मार्ग के किनारों पर आम लोगों की भारी उपस्थिति दर्ज हुई। स्वागत रैली के अग्र भाग में भाजयुमो के हजारों कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाल कर अगवानी की। हाट बाजार क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मत्स्य बीज संचयन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम, गोधन न्याय योजना, समन्वित कृषि प्रक्षेत्र, स्वच्छ भारत मिशन आदि की चलित आकर्षक झांकियां द्वारा प्रदर्शित की जा रही है।

# कांग्रेस को निरंतरता की जरूरत

**अजीत द्विवेदी**

कांग्रेस पार्टी ने रामलीला मैदान में बड़ी रैली की है। महंगाई पर हल्ला बोल रैली में भीड़ जुटी थी और अब कांग्रेस नेता निश्चिंत होकर कुछ दिन आराम कर सकते हैं। याद करें कि महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने इससे पहले कब प्रदर्शन किया था! कांग्रेस ने 26 जुलाई 2021 को संसद के मॉनसून सत्र के दौरान महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया था। राहुल गांधी ट्रैक्टर चला कर संसद पहुंचे थे। एक दिन राहुल गांधी और दूसरे विपक्षी नेता साइकिल से भी संसद गए थे। लेकिन उस प्रदर्शन के बाद 14 महीने तक कांग्रेस के नेता महंगाई के खिलाफ सिर्फ ट्विटर पर ही अभियान चलाते रहे। इन 14 महीनों में महंगाई बढ़ती रही थी, बल्कि ज्यादा बढ़ती रही थी। थोक और खुदरा महंगाई काबू से बाहर रही। लगातार छह महीने से ज्यादा समय से खुदरा महंगाई दर रिजर्व बैंक की ओर से तय की गई अधिकतम सीमा से ऊपर रही है। थोक महंगाई दर पिछले एक साल से दहाई में है। लेकिन इस दौरान कांग्रेस बयान देने और सोशल मीडिया में अभियान चलाने के अलावा कुछ नहीं कर रही थी। लोग महंगाई से त्रस्त हैं लेकिन भाजपा ने उनको कहीं हिजाब के विवाद में तो कहीं हलाल मीट और ईदगाह मैदान में गणेशोत्सव मनाने के विवाद में तो कहीं बुलडोजर और मंदिर के विवाद में उलझाया हुआ है। दुर्भाग्य से कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां भी इन्हीं मुद्दों में उलझी हुई हैं। कांग्रेस ने पिछले साल जुलाई में जब महंगाई के मुद्दे पर प्रदर्शन किया था तो उसने निरंतरता नहीं रखी। अगर उसके बाद भी वह पूरे देश में महंगाई के खिलाफ अभियान चलाती रहती तो उसे इसका राजनीतिक फायदा होता। लेकिन इसका उलटा हुआ। लोग महंगाई से त्रस्त थे फिर भी पांच राज्यों के चुनाव में से चार में भाजपा जीती और एक में आम आदमी पार्टी। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन किया। जाहिर है कांग्रेस के राजनीतिक अभियान में निरंतरता की कमी है, जिसका उसे खामियाजा भुगतना पड़ा। पिछले प्रदर्शन के 14 महीने के बाद कांग्रेस ने जो रैली की है क्या उससे पार्टी कोई मैसेज बनवाने में कामयाब हुई है? ऐसा नहीं लग रहा है। कांग्रेस एक सफल रैली के बावजूद महंगाई का मैसेज नहीं बनवा पाई तो उसका कारण यह है कि पार्टी महंगाई दिखाने वाले दृश्यों का निर्माण नहीं कर सकी। पिछले साल के प्रदर्शन में राहुल और विपक्ष ने बहुत मजबूत प्रतीकों का इस्तेमाल किया था। साइकिल और ट्रैक्टर के जरिए प्रदर्शन प्रभावशाली हुआ था। लेकिन रामलीला मैदान की रैली में ऐसा कोई ऑप्टिक्स नहीं दिखा। कांग्रेस जब इतनी बड़ी रैली कर रही थी तो उसे लोगों के दिल-दिमाग को प्रभावित करने वाले दृश्य बनवाने चाहिए थे। याद करें कैसे भाजपा जब विपक्ष में थी और रसोई गैस सिलेंडर के दाम में 10 रुपए की भी बढ़ोतरी होती थी तो पार्टी के बड़े नेता सिलेंडर लेकर प्रदर्शन करते थे। सब्जियां महंगी होती थीं तो



बड़े नेता सब्जियों की माला पहन कर प्रदर्शन करते थे। लेकिन कांग्रेस की इतनी बड़ी रैली से ऐसा कोई दृश्य नहीं बन पाया। कांग्रेस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव से भी सबक लिया होता तो कुछ ऐसा कर सकती थी। पिछले दिनों केसीआर ने प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर वाले पोस्टर छपवाए, उन पर गैस सिलेंडर की 1,105 रुपए की कीमत छपवाई और उसे सिलेंडर पर चिपका कर उसका एक मैसेज बनवाया। कांग्रेस भी अपनी रैली में ऐसा कर सकती थी। यूपीए सरकार जब सत्ता से बाहर हुई थी तो रसोई गैस के एक सिलेंडर की कीमत 410 रुपए थी, जो आज 11 सौ रुपए से ज्यादा है। इससे बड़ा महंगाई का प्रतीक कुछ नहीं हो सकता है। कांग्रेस को रैली में सिर्फ इस पर फोकस करना था। लोग सिलेंडर लेकर आते, दूध की थैलियां और आटे की बोरियां लेकर आते। सब्जियों की माला पहन कर लोग रैली में हिस्सा लेते। पेट्रोल और डीजल की महंगाई के प्रतीक बनवाए जाते। और सबसे ऊपर राहुल गांधी अपने भाषण में सिर्फ महंगाई पर बोलते। उनके भाषण के कम से कम 90 फीसदी हिस्सा महंगाई पर केंद्रित होना चाहिए थे। लेकिन अफसोस की बात है कि वे उन सारे मामलों पर बोलते रहे, जिनके बारे में भाजपा चाहती है कि वे बोलें। विभाजनकारी नीतियों और नफरत फैलाने की नीतियों पर राहुल का बोलना भाजपा के वोट बढ़वाता है। इसका यह मतलब नहीं है कि उनको इस पर नहीं बोलना चाहिए लेकिन चार सितंबर का दिन महंगाई पर हल्ला बोल का था। राहुल गांधी ने अपने भाषण में सबसे हैरान करने वाली बात यह कही कि 'जब कोई विकल्प नहीं बचा तो पार्टी ने जनता के बीच जाने का फैसला किया'। उन्होंने सात सितंबर से शुरू हो रही भारत जोड़ो यात्रा के संदर्भ में यह बात कही। उनके भाषण में जिसने भी यह लाइन लिखी उसे राजनीतिक का ककहरा नहीं मालूम है। राजनीति में जनता के बीच जाना आखिरी विकल्प नहीं होता है, बल्कि पहला और एकमात्र विकल्प होता है। वह भी विपक्षी पार्टियों की राजनीति तो जनता के बीच ही चलती है। कोई भी विपक्षी पार्टी यह कैसे कह सकती है कि सरकार की गलत नीतियों का मुकाबला वह पहले किसी दूसरे माध्यम या दूसरे विकल्प से कर रही थी और जब कोई विकल्प नहीं बचा तो जनता के बीच जा रही है? यह लाइन बोल कर राहुल गांधी ने स्वीकार किया है पिछले आठ साल से वे और उनकी पार्टी जनता के बीच नहीं जा रहे थे। सवाल है कि जब जनता के बीच जा ही नहीं रहे थे तो फिर क्या राजनीति कर रहे थे? बहरहाल, तीन बातें साफ हो रही हैं। पहली निरंतरता की कमी है। दूसरी, ऑप्टिक्स बनाने पर काम नहीं होता है और तीसरी बात यह कि भाषण से भी कोई मैसेज नहीं बनता है। कांग्रेस अगर एक मुद्दे पर लगातार सरकार को घेरती रहे और लोगों के दिमाग में धारणा बनवाए तभी किसी राजनीतिक अभियान का कोई फायदा मिल सकता है। महंगाई, बेरोजगारी और देश की अर्थव्यवस्था की बुरी दशा ये तीन मुद्दे हैं, जिन पर कांग्रेस लगातार फोकस बनाए रखे तो लोग इसे समझेंगे। क्योंकि ये चीजें सीधे लोगों से जुड़ी हुई हैं। लेकिन इसमें भी उलटा हो रहा है। आधे अधूरे आंकड़ों के दम पर सरकार और भाजपा यह साबित करने में कामयाब हो रहे हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था कमाल की रफ्तार से आगे बढ़ रही है। इसकी दो तीन मिसालें हैं। जैसे चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में विकास दर साढ़े 13 फीसदी रही। भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बनाया। लेकिन हकीकत यह है कि वास्तविक जीडीपी अब भी 2020 के बराबर है। वित्त वर्ष 2020-21 में माइनस 24 फीसदी का लो बेस होने की वजह से पिछले दो वित्त वर्ष में पहली तिमाही में विकास दर ऊंची रही है। इसी तरह ब्रिटेन को पीछे छोड़ कर भारत के पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का हल्ला मचा। पर हकीकत यह है कि भारत में प्रति व्यक्ति आय ढाई हजार डॉलर है और ब्रिटेन में 47 हजार डॉलर यानी भारत के मुकाबले 20 गुने से ज्यादा। देश के लोगों की कंडिशनिंग ऐसी हो गई है कि वे जीएसटी की वसूली बढ़ने का जश्न मनाते हैं। उनको पता ही नहीं है कि उनकी जेब से पैसे निकाल कर सरकार जीएसटी राजस्व बढ़ा रही है। अगर कांग्रेस अपनी रैली में इन आंकड़ों की हकीकत बताती तो बेहतर होता। भयावह महंगाई, बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था की बदहाली की तस्वीर दिखाने के लिए पावरफुल प्रतीकों का इस्तेमाल करती तो उससे लोगों के दिमाग को प्रभावित करने में मदद मिलती। कांग्रेस ने वह मौका गंवाया है। इसके बावजूद अगर वह अब भी निरंतरता रखती है और भारत जोड़ो यात्रा में भी महंगाई के मुद्दे उठाती है तो उसे राजनीतिक लाभ हो सकता है।

## संपादकीय

# भाजपा की तैयारी माइक्रो लेवल पर

कांग्रेस ने अभी अगले लोकसभा चुनाव की तैयारी छोड़ें अगले दो महीने में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी भी कायदे से शुरू नहीं की है। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं तो कांग्रेस नेता उससे ऐसा माहौल बनने की संभावना देख रहे हैं, जिससे कांग्रेस के प्रति बनी नकारात्मक धारणा टूटे। राहुल को गंभीरता से लिया जाए और कांग्रेस के नेता एकजुट हों। यह अगले चुनावों की बारीक तैयारियों का हिस्सा नहीं है। हां, इसे व्यापक या बड़ी तैयारी मैक्रो लेवल की तैयारी कह सकते हैं। इसके उलट भाजपा ने अगले लोकसभा चुनाव की माइक्रो लेवल की तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों का एक दौर पूरी कर लिया है। केंद्रीय मंत्रियों की टीम ने देश के उन 144 सीटों की दौरा किया है, जहां पिछले चुनाव में भाजपा दूसरे या तीसरे स्थान पर रही थी। ऐसी सीटें ज्यादातर पश्चिम बंगाल, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों में हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, कर्नाटक जैसे राज्यों की जिन गिनी-चुनी सीटों पर भाजपा हारी थी उन सीटों पर भी केंद्रीय मंत्रियों ने दौरा किया है, वहां समय बिताया है और पार्टी आलाकमान को अपनी फीडबैक दी है। अमित शाह और जेपी नड्डा ने खुद मंत्रियों से फीडबैक ली है। पार्टी ने पिछली बार बारी 144 लोकसभा सीटों में से आधी से ज्यादा सीटों पर जीत का लक्ष्य तय किया है। पार्टी ने इन सीटों में से 50 से 60 फीसदी सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। इन सीटों पर दूसरे दौर का सर्वे और बाकी तैयारियां जल्दी ही होंगी। इन सीटों के साथ साथ भाजपा पिछले चुनाव में जितनी सीटों पर लड़ी थी उनमें सबमें कुल 74 हजार कमजोर बूथ की पहचान की गई है। इन कमजोर बूथों पर पार्टी को मजबूत करने की रणनीति बनाने के लिए तीन मंत्रियों की एक अलग कमेटी बनी है। इस कमेटी ने भी पहले दौर का काम पूरा कर लिया है। सभी राज्यों के कमजोर बूथों के बारे में स्थानीय नेताओं को जानकारी भेजी गई थी और उनसे फीडबैक मंगाई गई है। पार्टी ने स्थानीय विधायक और सांसद या पार्टी के हारे हुए प्रत्याशियों और अन्य नेताओं से इन बूथों के बारे में जानकारी मंगाई है। मतदाताओं की प्रोफाइलिंग की गई है और मुद्दों की पहचान की गई है। पार्टी ने तय किया है कि ऐसे हर बूथ पर कम से कम 30 लोगों को भाजपा के साथ जोड़ा जाएगा। स्थानीय नेता यह काम करेंगे। सो, चाहे हारी हुई सीटें हों या जीती हुई सीटों के कमजोर बूथ हों भाजपा उन सब पर काम कर रही है। लोकसभा चुनाव में अभी डेढ़ साल से ज्यादा समय बाकी है लेकिन भाजपा ने अभी से माइक्रो स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है।

# फ्री बी क्या है ?

**अजय दीक्षित**

प्रधानमंत्री ने कहा है कि कई प्रान्तीय सरकारें रेवड़ी बांटकर वोटरों को लुभाती हैं । असल में समतावादी समाज में फ्री की रेवड़ी क्या है ? असल में कुल मामला आम आदमी पार्टी के द्वारा फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री ट्रांसपोर्ट, फ्री शिक्षा, फ्री स्वास्थ्य, बेरोजगार युवाओं को भत्ता, महिलाओं को महीना-भत्ता आदि की पहल के बाद अन्य राज्य सरकारें भी ऐसा ही चलन करने लगी हैं । हिमाचल प्रदेश और गुजरात में चुनाव है । वहां आम आदमी पार्टी ने अपनी दखल शुरू कर दी है । भाजपा वैसे निश्चिंत है, परन्तु शंकित भी है । %आप% ने दोनों राज्यों में फ्री की घोषणा की है यदि वह सत्ता में आती है । हिमाचल प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकार ने वहां के निवासियों के लिए फ्री बिजली 300 यूनिट तक माफ कर दी है । प्रधानमंत्री कहते हैं कि वे देश की 130 करोड़ जनता में से 80 करोड़ लोगों को ढाई साल से फ्री राशन दे रहे हैं । इन फ्री राशन के थैलों पर प्रधानमंत्री की फोटो है । अभी वित्त मंत्री सीतारमण ने आपत्ति उठाई है कि तेलंगाना में फ्री राशन वितरण वाले थैलों में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर क्यों नहीं है । कोई भी यह सवाल नहीं उठाता कि आजादी के अमृत महोत्सव में अभी भी देश की 75त्न जनता गरीब क्यों है ? फिर आत्मनिर्भरता क्या है ? मोदी जी का नारा आत्मनिर्भर भारत का क्या हुआ ! अभी हाल में पूर्व मुख्य न्यायाधीश रिटायर हुए हैं । एक हफ्ते पहले ताजा नोटिफिकेशन के अनुसार सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश को एक घरेलू नौकर, एक शौफर (ड्राइवर) ड्राइवर एक ऑफिस सहायक (क्लर्क), बंगला व सिक्योरिटी के नाम पर एक सिपाही मुफ्त मिलेगा । उनके बंगले की देखभाल के लिए 24 घंटे से सिक्योरिटी रहेगी । बाकी जजों को भी यही सुविधा है, परन्तु उन्हें क्लर्क नहीं मिलेगा ! पिछले दिनों पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा था कि सरकारी खर्च पर मुफ्त सिक्योरिटी अधिकार नहीं है । प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, सांसदों, विधायकों, मुख्यमंत्री व उनके मुख्यमंत्री को कितना वेतन और कितना भत्ता मिलता है, उसको उजागर करना जरूरी है । कितने मुख्यमंत्री व सांसद/विधायक अपने राज्यों द्वारा घोषित आपातकाल में जेल जाने वाली पेंशन ले रहे हैं ? ईमानदारी से वेतन पाने वाले मंत्रियों की भी साल में एक करोड़ की बचत हो जाती है । यह उनके द्वारा स्वयं घोषित आय वृद्धि के आंकड़ों से पता चलता है मुफ्त का राशन पाने वाले कौन हैं ? फिर कोरोना के कारण 2020 और 2021 में 80 हजार मजदूरों की भूख व निर्धनता के कारण मौत कैसे हो गई ? यदि विपक्षी आंकड़ा नहीं है, सरकारी आंकड़ा है ? क्यों कर सांसदों को दिल्ली में बंगले चाहिए ? संसद तो मात्र 60- 70 दिन साल में चलती है । उसमें भी कार्यवाही स्थगित हो जाती है ? दिल्ली प्रवास के समय वे हॉस्टल में रह सकते हैं ? होटल में नहीं ? संसद की कैन्टीन में चीजों के भाव क्या हैं ? उन्हें सबसे सबसिडाइड भोजन व खाद्य पदार्थ क्यों कर मिलते हैं ? सीनियर सिटीजन को रेल किराये में रियायत बन्द है, पर सांसदों, विधायकों को फर्स्ट एसी के फ्री पास हैं, वे भी सपरिवार ? आकर फ्री की रेवड़ी क्या है ? फ्री की रेवड़ी से रईस ही रईस हो रहे हैं । आम जनता को महंगाई, बेरोजगारी की मार से त्रस्त हैं । आजादी का महोत्सव मात्र चन्द लोगों के लिए है !

## तो पार्टी हुई नहीं

जब सुर्खियां ही सियासी किस्मत तय कर रही हों, तब आपदा में भी अवसर ढूंढ कर उस पर खुशी बांटने की प्रवृत्ति समझी जा सकती है। बहरहाल, हकीकत इतनी गंभीर है कि यह उत्सव मनाने का अवसर भी नहीं मिला। भारतीय रिजर्व बैंक ने अनुमान लगाया था कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 16.2 प्रतिशत रहेगी। बाजार के तमाम पंडितों का भी अनुमान था कि ये दर 15 से 16 प्रतिशत तक रहेगी। इसके आधार पर उत्सव मनाने की पूरी तैयारी थी। हालांकि निम्न आधार अगर ये अनुमान सही भी साबित होते, तो उसमें उत्सव मनाने जैसा शायद ही कुछ था। इसलिए कि उसका मतलब होता कि 2018-19 के बाद के तीन वर्षों में इस तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था ने लगभग 1.75 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर हासिल की है। जिस दौर में सुर्खियां ही सियासी किस्मत तय कर रही हों, तब आपदा में भी अवसर ढूंढ कर उस पर खुशी बांटने की प्रवृत्ति सहज समझी जा सकती है। बहरहाल, हकीकत इतनी गंभीर है कि यह उत्सव मनाने का अवसर भी सरकार और उसकी छवि सुधारने में जुटे रहने वाले मीडिया के हिस्से को नहीं मिला।असल आंकड़े ये सामने आए कि वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत रही। इसके बाद गुलाबी (वित्तीय) अखबारों को यह सुर्खी बनानी पड़ी कि आंकड़े कमजोर हैं।

# लिज ट्रस की चुनौतियां

ऋषि सुनक का मूल निश्चित रूप से उनके लिए नुकसान का पहलू साबित हुआ। वरना, योग्यता के लिहाज से सुनक ट्रस पर न सिर्फ बीस, बल्कि उससे कहीं ज्यादा भारी पड़ते हैं। लिज ट्रस के आगे अगर कोई ब्रिटिश मूल का उम्मीदवार होता, तो वे शायद इतनी आसानी से कंजरवेटिव पार्टी के नेता का चुनाव नहीं जीत पातीं। ऋषि सुनक का मूल निश्चित रूप से उनके लिए नुकसान का पहलू साबित हुआ। वरना, योग्यता के लिहाज से सुनक ट्रस पर न सिर्फ बीस, बल्कि उससे कहीं ज्यादा भारी पड़ते हैं।



बहरहाल, अब ब्रिटेन की बागडोर उस नेता के हाथ में है, जिसके ज्ञान और समझ को लेकर अतीत में लतीफे तक प्रचलित हुए हैं। और ये बागडोर उनके हाथ में उस समय आई है, जब ब्रिटेन पर आर्थिक चुनौतियों का भारी अंबार है। विशेषज्ञों ने अंदेशा जताया है कि लिज ट्रस के कार्यकाल में ब्रिटेन की आर्थिक मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। इसमें शायद कोई कोई नहीं है कि लिज ट्रस के प्रधानमंत्री बनने पर सरकार पर कर्ज के बोझ की स्थिति और खराब होगी। ट्रस ने टैक्स में भारी छूट देने का वादा किया है। साथ ही उन्होंने ऊर्जा संकट से जूझ रहे लोगों को अधिक राहत पहुंचाने का वादा भी किया है। जबकि अर्थशास्त्रियों का कहना है कि कर्ज पर काबू पाने में सरकारों की नाकामी के कारण निवेशकों का भरोसा टूट रहा है। उनके मुताबिक अगर अगली सरकार ने कर्ज और बढ़ाने वाली नीतियां अपनाईं, तो ब्रिटेन लंबी मंदी के दौर में फंस सकता है। ब्रिटेन पहे ही अब उन देशों में शामिल हो चुका है, जिन पर उनके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के बराबर कर्ज चढ़ गया है। 2021 के पहले बीते छह दशक में पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था, जब ब्रिटेन में जीडीपी और कर्ज अनुपात 100 फीसदी हुआ हो। इसे ब्रिटेन की बिगड़ती आर्थिक स्थिति का एक और संकेत माना जा रहा है। कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के बाद से गहराते गए ऊर्जा संकट के बीच ब्रिटिश सरकार को बाजार से अधिक कर्ज लेना पड़ा है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगले चार से पांच साल में ब्रिटेन पर उसकी जीडीपी की तुलना में 100 फीसदी से भी ज्यादा बने रहना सामान्य बात हो जाएगा।

# राशिफल



**मेष**
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। हल्की थकान महसूस कर सकते हो। अगर आपका धन से जुड़ा कोई मामला कोर्ट-कचहरी में अटका था तो आज उसमें आपको विजय मिल सकती है और आपको धन लाभ हो सकता है।



**वृषभ**
आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा, क्योंकि आपका जीवन-साथी आपको खुशी देने का हर प्रयास करेगा। आप घूमने-फिरने और पैसे खर्च करने के मूड में होंगे। अगर आप अपने काम पर ध्यान दें ।



**मिथुन**
आर्थिक दृष्टि से आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आपकी सबसे बड़ी पूंजी आपकी हँसने-हँसाने की शैली है, अपनी बीमारी को ठीक करने के लिए इसका उपयोग करके देखें।



**कर्क**
आज मौज-मस्ती की यात्राएं और सामाजिक मेलजोल आपको खुश रखेंगे और सुकून देंगे। जीवन की गाड़ी को अच्छे से चलाना चाहते हैं तो आपको पैसे की आवाजाही पर विशेष ध्यान देना होगा।



**सिंह**
आज व्यस्त दिन के बावजूद आपकी सेहत पूरी तरह दुरुस्त रहेगी। आर्थिक तौर पर सुधार तय है। आपकी ज्ञान की प्यास आपको नए दोस्त बनाने में मददगार साबित होगी।स्वास्थ्य बेहतरीन रहेगा।



**कन्या**
आज सेहत बढ़िया रहेगी। अगर आप लम्बे वक़्त के लिए निवेश करें, तो अच्छा-ख़ासा फ़ायदा हासिल कर सकते हैं। बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान लगाने और भविष्य के लिए योजना बनाने की ज़रूरत है।



**तुला**
आज आप खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। विवाहित दंपत्तियों को आज अपनी संतान की शिक्षा पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है।



**वृश्चिक**
आज कारोबारियों को उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसा मांगते हैं और फिर लौटाते नहीं हैं।बाहरी खेल आपको आकर्षित करेंगे- ध्यान और योग आपको फ़ायदा पहुँचाएंगे।



**धनु**
आज कोई अच्छी ख़बर मिल सकती है। आपका धन कहां खर्च हो रहा है इसपर आपको नजर बनाए रखने की जरुरत है नहीं तो आने वाले समय में आपको परेशानी हो सकती है।



**मकर**
आज सूझ-बूझ से आप अतिरिक्त धन कमाएंगे। दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना ख़याल रखने की इच्छा से टकराएंगी- अपने जज़्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले।



**कुंभ**
आपका ऊर्जा-स्तर ऊँचा रहेगा। नया आर्थिक क़रार अंतिम रूप लेगा और धन आपकी तरफ़ आएगा। बच्चे आपको घरेलू काम-काज निबटाने में मदद करेंगे। महत्वपूर्ण लोगों से मुलाक़ात होगी।



**मीन**
आपका व्यक्तित्व आज इत्र की तरह महकेगा और सबको आकर्षित करेगा। जो लोग अब तक पैसे को बिना वजह ही उड़ा रहे थे आज उन्हें अपने आप पर काबू रखना चाहिए ।

## शब्द सामर्थ्य -188

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 187 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| वा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्त | | न | मि | त | | न |

## सू- दोकू क्र. 188

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.187 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# महारानी एलिजाबेथ द्वितीय अपने पीछे कितनी संपत्ति छोड़ गईं? किसे मिलेगी उनकी विरासत?

## ब्रिटेन के शाही परिवार की आमदनी का मुख्य जरिया करदाताओं से होने वाली आय है

**नई दिल्ली ,10 सितंबर ।** ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का 96 वर्ष की आयु में निधान हो गया है। महारानी ने अपने स्कॉटलैंड के बाल्मारोल स्थित आवास पर अंतिम सांस ली है। एलिजाबेथ द्वितीय ने वर्ष 1952 में अपने पिता जार्ज षष्टम की मौत के बाद महज 25 वर्ष की उम्र में ब्रिटेन की कमान संभाली थी। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ब्रिटेन के अलावा 15 और देशों की महारानी थी। किसी भी देश के राजा और रानी के बारे में आम तौर पर यह धारणा होती है कि उनके पास अकूत संपत्ति होती है। आइए जानते हैं ब्रिटेन की महानी अपने पीछे कितनी संपत्ति छोड़ गई हैं? आइए जानते हैं इस संपत्ति का वारिस कौन है?मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एलिजाबेथ द्वितीय अपने पीछे अरबों की संपत्ति छोड़ गई हैं। फोर्च्यून के अनुसार महरानी एलिजाबेथ द्वितीय अपने पीछे करीब 500 मिलियन डॉलर भारतीय रुपयों के अनुसार करीब 39,858,975,000 रुपये की संपत्ति छोड़ गई हैं। अब ये संपत्ति



उनकी मौत के बाद ब्रिटेन के महाराजा बने प्रिंस चार्ल्स को विरासत में मिलेगी। ब्रिटेन के शाही परिवार की आमदनी का मुख्य जरिया करदाताओं से होने वाली आय है। इसे सॉवरेन ग्रांड कहा जाता है। इसे वार्षिक आधार पर शाही परिवार को दिया जाता है। इस ग्रांट की शुरुआत किंग जॉर्ज के समय में हुई थी। उन्होंने संसद में एक समझौते के तहत इस ग्रांट की व्यवस्था की थी। इस समझौते को ब्रिटेन के इतिहास में सिविल लिस्ट के नाम से जाना जाता था। वर्ष 2012 में इसे सोवरेल ग्रांट से बदल दिया गया।

### 86 मिलियन पाउंड है सॉवरेन ग्रांट की राशि

वर्ष 2021 और 2022 में सॉवरेन ग्रांट की राशि 86 मिलियन पाउंड से अधिक तय की गई थी। इस राशि को रानी की आधिकारिक यात्रा, संपत्ति के रख-रखाव और रानी के घर बकिंघम पैलेज के रख-रखाव की लागत के लिए आवंटित की जाती है।फोर्ब्स पत्रिका के अनुसार ब्रिटेन की राजशाही परिवार के पास वर्ष 2021 तक करीब 28 बिलियन डॉलर की अचल संपत्ति थी, जिसे बेचा नहीं जा सकता। इन संपत्ति में शामिल द क्राउन एस्टेट की कीमत 19.5 बिलियन डॉलर है। जबकि बकिंघम पैलेस की कीमत 4.9 बिलियन डॉलर, द डची ऑफ कार्नवाल की 1.3 बिलियन डॉलर, द डची ऑफ लैंकेस्टर 748 मिलियन डॉलर, केसिंगटन पैलेस की 630 मिलियन डॉलर और स्कॉटलैंड के क्राउन एस्टेट की कीमत 592 मिलियन डॉलर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक महारानी ने अपने निवेश, ज्वेलरी, कला संग्रह और रियल एस्टेट हाल्डिंग्स से लगभग 500 मिलियन डॉलर की संपत्ति अर्जित की थी। उनकी मृत्यु के बाद अब इस संपत्ति को उनके बेटे और ब्रिटेन के राजा प्रिंस चार्ल्स को सौंप दी जाएगी। महरानी की मौत के बाद प्रिंस चार्ल्स स्वत: ही ब्रिटेन के महाराजा घोषित हो गए हैं। इसके अलावे वे ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड समेत 15 अन्य देशों के भी प्रमुख होंगे।

# रेल के पहियों का निर्यात करेगा भारत, वंदे भारत ट्रेनों के लिए सरकार ने की ये तैयारी

**नई दिल्ली,10 सितंबर ।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने पहियों का निर्यातक बनने का खाका तैयार किया है। शुक्रवार को पहिया एक ऐसा संयंत्र बनाने के लिए एक निविदा जारी की गई है जो हर वर्ष कम से कम 80,000 पहियों का निर्माण करे। उन्होंने कहा है कि यह पहली बार है कि रेलवे ने निजी कंपनियों को भारत में हाई स्पीड ट्रेनों के लिए व्हील प्लांट और व्हील बनाने के लिए आमंत्रित करने करने के लिए टेंडर जारी किया है। बता दें कि भारतीय रेलवे को हर साल दो लाख पहियों की जरूरत होती है। योजना के मुताबिक स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) इनमें से एक लाख पहिये की आपूर्ति करेगा बाकी पहियों का उत्पादन नए 'मेक इन इंडिया' प्लांट्स में होगा। मीडिया से बातचीत में रेलमंत्री ने कहा है कि वैष्णव ने कहा है कि निविदा इस शर्त पर दी जाएगी कि संयंत्र पहियों का निर्यातक भी होगा और उसका निर्यात बाजार यूरोप होगा। वैष्णव ने कहा है कि निविदा की शर्तो के अनुसार संयंत्र को 18 महीने के भीतर स्थापित करना अनिवार्य होगा।बता दें कि वंदे भारत ट्रेन के पहिए युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंस गए थे और उनका उत्पादन समय से सुनिश्चित करने के लिए उन्हें वहां से एयरलिफ्ट करना पड़ा था।



## कोलकाता एयरपोर्ट पर दुबई जा रहे व्यक्ति से 11.87 लाख डॉलर बरामद, एआईयू की टीम ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली ,10 सितंबर ।** एआईयू (आयकर विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट) के अधिकारियों ने गुरुवार को खुफिया जानकारी के आधार पर दुबई जा रहे एक व्यक्ति को कोलकाता हवाईअड्डे पर रोका था। जांच में उसके पास से 11.87 लाख डॉलर बरामद किए गए। भारतीय रुपयों में उनका मूल्य करीब 9.34 करोड़ रुपये है। आधकारिक सूत्रों की अनुसार मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# खरीफ सीजन में चावल के उत्पादन में आएगी जबरदस्त गिरावट

**नई दिल्ली ,10 सितंबर ।** देश में इस वर्ष खरीफ सीजन में चावल के उत्पादन में 10-12 मिलियन टन की कमी हो सकती है। सरकार की ओर से शुक्रवार को कहा गया है कि चावल उत्पादन में कमी धान का बुवाई क्षेत्र घटने के कारण हुआ है। हालांकि, खाद्य सचिव सुधांशु पांडे ने इस बात पर जोर दिया है कि देश में चावल का सरपल्स उत्पादन होगा। उन्होंने कहा है कि देश में कम बारिश होने से कई राज्यों में धान का बुवाई क्षेत्र घटा है। इस बार के खरीफ सीजन में देश में धान के बुवाई क्षेत्र में 38 लाख हेक्टेयर की कमी आई है। बता दें कि देश में खरीफ सीजन में चावल के कुल उत्पादन का 80 प्रतिशत का उपज होता है। खाद्य सचिव ने कहा है कि इस वर्ष खरीफ सीजन में चावल के उत्पादन में 10 मिलियन टन तक की कमी आ सकती है। खराब से खराब स्थिति में यह कमी 12 मिलियन टन तक हो सकती है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यह एक प्रारंभिक अनुमान है और यह रकवे में गिरावट व औसत उपज पर आधारित है।सुधांश पांडेय ने कहा है कि जिन राज्यों में अच्छी बारिश हुई है वहां



धान के उत्पादन की गिरावट में कमी दर्ज की जा सकती है। बता दें कि फसल वर्ष (ष्टह्लश्च ड्डद्गड्डह्र) 2021-22 (जुलाई-जून) में चावल का कुल उत्पादन 130.29 मिलियन टन हुआ था। यह पिछले पांच वर्षों के औसत उत्पादन 116.44 मिलियन टन से 13.85 मिलियन टन अधिक है। हालांकि खाद्य सचिव ने चावल उत्पादन के बारे में बोलते हुए इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि सरकार मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार करेगी या नहीं?

# जेपी ने पेश किये इलेक्ट्रिक लंच बाक्स

**नयी दिल्ली ,10 सितंबर ।** जेपी ने किचन के लिये इलेक्ट्रिक प्रोडक्ट लॉन्च करते हुए उपभोक्ताओं के सामने इलेक्ट्रिक लंच बॉक्स और चाफिंग डिश के कई विकल्प पेश किये हैं जो भोजन को गर्म और ताजा रखने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। कंपनी ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि उन्होंने घरों से बाहर जाने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखकर यह नयी इलेक्ट्रिक श्रृंखला पेश की है, जिसकी बदौलत लोग कहीं भी गर्म भोजन खा सकते हैं। कंपनी की कहा कि यह उत्पाद स्टेनलेस स्टील और बीपीए मुक्त प्लास्टिक का उपयोग करके बनाये गये हैं जो इन्हें सुरक्षित, आकर्षक और इलेक्ट्रिक हीटिंग सुविधाओं के लिये उपयुक्त बनाते हैं।जेपी प्लस के निदेशक अनुराग जैन ने कहा, अब जब पूरा देश और दुनिया कोरोनावायरस के बाद दफ्तरों में लौट आई है, हम कुछ ऐसा बनाना चाहते थे जो उन्हें वैसा ही गर्म भोजन दे जैसा वे घर पर खाने के आदी हैं। हमारी इलेक्ट्रिक सीरीज़ को हमारे ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने के साथ-साथ आकर्षक बनाए रखने में आसान होने के लिए डिज़ाइन किया गया है। हमें पूरा विश्वास है कि यह रेंज हमारे उपभोक्ताओं के बीच लोकप्रिय होगी। यह हमारी कंपनी की दूरदृष्टि के अनुरूप है और हमारे पेश किए जाने वाले प्रत्येक उत्पाद में व्यापक विचार और ध्यान दिया जाता है।

# गैर-बासमती चावल के निर्यात पर देना होगा फीसदी शुल्क

**नई दिल्ली,10 सितंबर ।** राजस्व विभाग ने एक अधिसूचना में कहा कि मौजूदा खरीफ सीजन में धान फसल का रकबा काफी घट गया है। ऐसे में घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। कृषि मंत्रालय के अनुसार, कुछ राज्यों में बारिश कम होने से मौजूदा खरीफ सीजन में अब तक धान का बुवाई क्षेत्र 5.62 फीसदी घटकर 383.99 लाख हेक्टेयर रह गया है। सरकार ने मौजूदा खरीफ सीजन में धान की फसल के रकबे में गिरावट के बीच बृहस्पतिवार को गैर-बासमती चावल के निर्यात पर 20 फीसदी शुल्क लगा दिया। यह शुल्क 9 सितंबर से लागू होगा। हालांकि, उबले और बासमती चावल के निर्यात को इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। राजस्व विभाग ने एक अधिसूचना में कहा कि मौजूदा खरीफ सीजन में धान फसल का रकबा काफी घट गया है। ऐसे में घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। कृषि मंत्रालय के अनुसार, कुछ राज्यों में बारिश कम होने से मौजूदा खरीफ सीजन में अब तक धान का बुवाई क्षेत्र 5.62 फीसदी घटकर 383.99 लाख हेक्टेयर रह गया है। चावल के वैश्विक व्यापार में भारत का हिस्सा 40त्न है। भारत ने 2021-22 में 2.12 करोड़ टन चावल निर्यात किया था। इस दौरान 150 से अधिक देशों को 6.11 अरब डॉलर का गैर-बासमती चावल निर्यात किया गया था। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय सेतिया ने निर्यात शुल्क लगाने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा, भारतीय चावल का निर्यात काफी कम कीमत पर हो रहा था। निर्यात शुल्क से गैर-बासमती चावल के निर्यात में 20 से 30 लाख की कमी आएगी। सरकार के इस कदम से निर्यात से प्राप्ति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वहीं, संघ के वर्तमान अध्यक्ष नाथी राम गुप्ता ने कहा कि देश के दक्षिणी हिस्सों से कच्चे चावल का निर्यात प्रभावित होगा, लेकिन उबले चावल का निर्यात बढ़ सकता है।




# भारी पड़ गई विराट की नकल, पाकिस्तान और अफगानिस्तान पर आईसीसी की कार्रवाई

## फरीद और आसिफ दोनों खिलाड़ियों पर आईसीसी ने कार्रवाई की है



**शारजाह ,10 सितंबर ।** अफगानिस्तान के फरीद अहमद और पाकिस्तान के आसिफ अली को विराट कोहली की नकल भारी पड़ गई। एशिया कप में सुपर चार के मुकाबले के दौरान ये दोनों खिलाड़ी जरूरत से ज्यादा आक्रामक हो गए थे और आईसीसी ने दोनों पर मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगाया है। विराट भी मैच के दौरान आक्रामक रहते हैं, लेकिन उन्हें खुद को काबू में रखना आता है। हालांकि, फरीद और आसिफ ऐसा नहीं कर पाए और अब दोनों खिलाड़ियों पर आईसीसी ने कार्रवाई की है। आईसीसी की तरफ से जारी प्रेस रिलीज में कहा गया आसिफ ने आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.6 का उल्लंघन किया, जो अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अश्लील, आक्रामक या अपमानजनक इशारे का उपयोग करने से संबंधित है, जबकि फरीद को अनुच्छेद 2.1.12 का उल्लंघन करते पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है। दोनों खिलाड़ियों ने अपना अपराध स्वीकार किया और सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। एशिया कप के सुपर चार राउंड में पाकिस्तान का दूसरा मैच अफगानिस्तान के साथ था। इस मुकाबले में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 129 रन बनाए थे, लेकिन पाकिस्तान को मुश्किल में डाल दिया था। आखिरी 10 गेंद में पाकिस्तान को जीत के लिए 20 रन की जरूरत थी। टीम के आठ विकेट गिर चुके थे और पाकिस्तान को जीत दिलाने की पूरी आसिफ अली पर थी। उन्होंने 19वें ओवर की चौथी गेंद पर छक्का लगाया, लेकिन अगली ही गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद गेंदबाज फरीद ने उनके पास जाकर आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। आसिफ को यह पसंद नहीं आया और उन्होंने फरीद को धक्का देकर खुद से दूर कर दिया। इसके बाद दोनों खिलाड़ी भिड़ गए। कहासुनी भी हुई। मामला इतना बढ़ गया कि अंपायर को बीच-बचाव के लिए आना पड़ा। इस घटना के बाद पाकिस्तान के नसीम शाह ने आखिरी ओवर की शुरुआती दो गेंदों में छक्के लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के फैंस भी मैच के बाद स्टेडियम में ही भिड़ गए थे।

## इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा टेस्ट मैच निर्लंबित

**लंदन ,10 सितंबर ।** इंग्लैंड की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच नलंबित कर दिया गया है। यह मैच किंगस्टन ओवल के मैदान पर खेला जाना था। पहले बारिश की वजह से इस मैच में कोई गेंद नहीं फेंकी गई। इसके बाद महारानी का निधन हो गया और खेल से जुड़े सभी आयोजन निलंबित कर दिए गए। इसमें रेचल फ्लिंट ट्रॉफी के मैच भी शामिल हैं। इसके अलावा इंग्लिश प्रीमियर लीग के मैच भी आज के दिन नहीं होंगे। गुरुवार शाम साढ़े छह बजे महारानी के निधन को घोषणा हुई। उन्होंने 96 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। इसके बाद इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की कि शुक्रवार को कोई क्रिकेट मैच नहीं होगा। ईसीबी ने एक बयान में कहा, 卐महामहिम महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद, द ओवल में इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की पुरुष टीमों के बीच शुक्रवार का खेल और रेचल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी के सभी निर्धारित मैच नहीं होंगे। शुक्रवार के बाद का शेड्यूल आने वाले समय में बताया जाएगा। ईसीबी आगे के शेड्यूल को लेकर सरकार और अन्य खेलों के बोर्ड के साथ बातचीत कर रहा है। इसके साथ ही बोर्ड ने यह भी जानकारी दी है कि जिन दर्शकों ने मैच का टिकट कराया है। उन्हें पूरा पैसा लौटाया जाएगा। इस मैच में पहले दिन बारिश की वजह से कोई खेल नहीं हो सका था। इसके बाद शाम पांच बजे के करीब स्टंप्स का एलान कर दिया गया, क्योंकि महारानी के निधन की अटकलें लगाई जा चुकी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने मुलाकात की। इस दौरान आखिरी टेस्ट मैच को रद्द करने या दूसरे दिन का खेल शनिवार से शुरू करने के विचार पर चर्चा हुई। अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड हर स्थिति पर राजी है। सीरीज पूरी करने के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम को कुछ दिन और इंग्लैंड में रुकना होगा और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड इसके लिए तैयार है। ईसीबी के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्प्सन ने कहा मुझे रानी के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ। वे खेल की बड़ी समर्थक थीं और हमेशा अपने पति की खेल के प्रति दीवानगी के बारे में बताया करती थीं। देश के प्रति उनके समर्पण को कभी नहीं भुलाया जा सकता। उनकी सेवा और उनके असाधारण शासनकाल में उनकी निस्वार्थता के लिए, हम उनके कर्जदार हैं। इस कर्ज के कभी चुकाया नहीं जा सकता। 1952 में किंग जॉर्ज ड्ढ्ठ का निधन हुआ था। इस समय इंग्लैंड की टीम भारत में टेस्ट मैच खेल रही थी। इस मुकाबले के दूसरे दिन खेल नहीं हुआ था और चौथे दिन भारत ने मैच जीत लिया था।

## कोहली ने अनुष्का, वामिका को दिया शतक का श्रेय

**दुबई 10 सितंबर ।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ 122 रन की नाबाद पारी खेलने के बाद इस शतक का श्रेय अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा और बेटी वामिका को दिया। कोहली ने पहली पारी के बाद कहा, मैंने बहुत सी चीजों को परिप्रेक्ष्य में रखा है, और वास्तव में मैं थोड़ा चौंक गया था क्योंकि यह वह प्रारूप था जिसमें शतक आने की मुझे उम्मीद नहीं थी। लेकिन यह सब ईश्वर की कृपा है, मैं कड़ी मेहनत कर रहा था और यह ऐसा पल है जो मेरे और टीम के लिए भी बहुत खास था। कोहली ने कहा, आप मुझे अभी इस तरह यहां देख रहे हैं क्योंकि सभी चीजें जो परिप्रेक्ष्य में रखी गई हैं, वह एक व्यक्ति ने किया है, जो इन सभी कठिन समय में मेरे साथ खड़ी रहीं, वह अनुष्का हैं। यह शतक विशेष रूप से उन्हें और हमारी बेटी वामिका को समर्पित है। कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ 61 गेंदों पर 12 चौकों और छह छक्कों की बदौलत 122 रन की नाबाद पारी खेली। यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कोहली का 71वां और टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहला शतक है। यह अब तक एशिया कप 2022 का भी पहला शतक है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक सचिन तेंदुलकर (100) ने बनाये हैं, जबकि कोहली (71) शतकों के मामले में रिकी पॉन्टिंग के साथ दूसरे स्थान पर हैं।



## नीरज चोपड़ा ने फिर रचा इतिहास

**ज्यूरिख़ ,10 सितंबर ।** टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने एक और ऐतिहासिक कीर्तिमान रचते हुए ज्यूरिख़ में डायमंड लीग फाइनल का जेवलिन थ्रो खिताब अपने नाम किया। नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में 88.44 मीटर की दूरी पर भाला फेंका जो उन्हें जीत दिलाने के लिए काफी था। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता को अन्य पांच प्रतिभागियों से कोई मुकाबला देखने को नहीं मिला और नीरज ने आसानी से डायमंड लीग फाइनल में पहला स्थान हासिल किया। नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में 88.44 मीटर के थ्रो के बाद तीसरे प्रयास में 88 मीटर और चौथे प्रयास में 86.11 मीटर का थ्रो किया। नीरज का पांचवां प्रयास 87 मीटर था जबकि उनका अंतिम प्रयास 83.6 मीटर था। चेक गणराज्य के जाकुब वाडलेच ने 86.94 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले, चोपड़ा ने चोट के बाद शानदार वापसी करते हुए डायमंड लीग श्रृंखला का लुसाने चरण जीतकर दो दिवसीय फाइनल के लिए चालीफाई किया था। फाइनल की विजय के साथ नीरज डायमंड लीग ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। जुलाई में अमेरिका में विश्व चैंपियनशिप में रजत जीतने वाले प्रदर्शन के दौरान उनकी कमर में चोट के कारण वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों (28 जुलाई से 8 अगस्त) में हिस्सा नहीं ले सके थे। 24 वर्षीय भारतीय सुपरस्टार ने वापसी के तुरंत बाद अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और 26 जुलाई को लुसाने में 89.08 मीटर के प्रयास से पहला स्थान हासिल किया। डायमंड लीग में चैंपियनशिप-शैली के मॉडल का अनुसरण करते हुए 32 डायमंड डिसिप्लिन शामिल हैं। एथलीट अपने संबंधित खेलों के फाइनल के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए 13-चरण के आयोजन में अंक अर्जित करते हैं। फाइनल में प्रत्येक डायमंड डिसिप्लिन के विजेता को 'डायमंड लीग चैंपियन' का ताज पहनाया जाता है।

## न्यूज ब्रेक

### प्रेशर बम विस्फोट से घायल महिला को किया जा रहा है रायपुर रेफर

**बीजापुर( एजेंसी )।** जिले के उसूर थाना क्षेत्र के भूसापुर मार्ग पर गुरुवार शाम करीब सात बजे नक्सलियों के द्वारा लगाए प्रेशर बम की चपेट में आने से रामबती पति काका भीमा उम्र 38 वर्षीय निवासी नेलाकांकेर की महिला बुरी तरह घायल हो गई। घायल महिला को ग्राम नेलाकांकेर के ग्रामीणों ने मलगम स्थित सीआरपीएफ के कैंप में पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उसूर भेज दिया गया। उसूर के बीएमओ डॉ. विकास गावेल ने बताया की बम के चपेट में आई महिला के आंखों में गंभीर चोट आई है जिसके कारण उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ. अभय तोमर ने बताया कि दाई आंख में रेटिनल प्रॉब्लम के कारण मरीज को रायपुर रेफर किया जा रहा है।

विभिन्न पदों पर प्लेसमेन्ट कैम्प का आयोजन 16 को सूरजपुर, 09 सितंबर (आरएनएस)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केन्द्र सूरजपुर के द्वारा 16 सितम्बर 2022 को कार्यालय परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाना है, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजक छत्तीसगढ़ का पहरेदार, साप्ताहिक समाचार पत्र मंजूषा निवास, देवीगंज रोड अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा निम्नाकित पदों हेतु भर्ती किया जाना है। जिला ब्यूरो 01 पद शैक्षणिक योग्यता स्नातक पास, कार्यस्थल जिला मुख्यालय, संभावित वेतन 8000 रूपए, कम्प्यूटर ऑपरेटर 01 पद शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास एवं एक वर्ष का कम्प्यूटर डिप्लोमा कार्यस्थल जिला मुख्यालय, वेतन 5000 रूपए, कार्यालय सहायक 01 पद 10 वीं पास जिला मुख्यालय, वेतन 4000 रूपए, तथा रिर्पोटर हेतु 11 पद शैक्षणिक योग्यता 10 वीं पास कार्यस्थल सभी तहसील मुख्यालयों में वेतन 5000 रूपए प्रतिमाह देय होगी। इच्छुक आवेदक उक्त दिनांक को शिविर में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते है।

### बस्तर संभाग में जारी अलर्ट के बाद हुई जोरदार बारिश

**जगदलपुर ( एजेंसी )।** बस्तर में एक-दो दिनों के अंतराल में हल्की से मध्यम बारिश के बीच मौसम विभाग ने संभाग में भारी बारिश के अलर्ट का असर आज से दोपहर बाद जोरदार बारिश हुई है। इस मानसून सीजन में अगस्त माह में सबसे अधिक बारिश दर्ज हुई है और लगातार भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग अलर्ट जारी करता रहा। सितम्बर माह में पहली बार भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी हुआ है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है, इसके प्रबल होकर पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी-उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश -दक्षिण तटीय उड़ीसा के ऊपर पहुंचने से बस्तर संभाग में आगामी 24 घंटे में गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने की संभावना है।

# लम्बे समय से फरार स्थाई वारंटी एक महिला व पुरूष नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर,10 सितंबर ( एजेंसी )।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना पामेड़ के नक्सली घटना में शामिल नक्सली माड़वी देवा उम्र 45 वर्ष निवासी तोंगगुड़ा थाना पामेड़ लम्बे समय से फरार था। मुखबीर से मिली सूचना पर अपना पहचान बदलकर तेलंगाना राज्य के दक्षिण गोदावरी जिला के थाना कुकनुर अन्तर्गत ग्राम लंकापल्ली में रह रहा था। सूचना पर थाना प्रभारी पामेड़ निरीक्षक रघुवीर सिंह चन्द्रा के हमराह बल द्वारा बताये गये ठिकाने पर दबिश देकर उक्त नक्सली माड़वी देवा गिरफ्तार किया गया है।नक्सल उन्मूलन की दूसरी कार्यवाही में कोबरा 204 को मिली सूचना पर थाना पामेड़ क्षेत्रान्तर्गत 18 जून 2019 को को थाना पामेड़ क्षेत्रान्तर्गत धरामवरम ग्रामीण के घर से लूट की घटना में शामिल महिला नक्सली काका लच्छी पति काका सीनू उम्र 35 वर्ष निवासी धरामावरम थाना पामेड़ जो पहचान छिपाकर लम्बे समय से ग्राम वद्दीपेटा, उंजापल्ली थाना चेरला में रह रही थी। सूचना पर दबिश देकर महिला नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार महिला नक्सली काका लच्छी के विरूद्ध थाना पामेड़ में 01 स्थाई वारंट लंबित है।गिरफ्तार नक्सली माड़वी देवा के विरूद्ध थाना पामेड़ में 09 स्थाई वारंट लंबित है, इसके अलावा थाना पामेड़ क्षेत्रान्तग्रत 09 फरवरी 2004 को थाना पामेड़ छसबल कैम्प में हमला में शामिल था, 12 सितंबर 2004 को तोंगगुडा और तिपापुरम के मध्य जंगल में पुलिस पार्टी पर ब्लास्ट कर फायरिंग करने की घटना में शामिल था, 09 जून 2005 थाना पामेड़ में फायरिंग की घटना में शामिल था, 19 जून 2005 को तोंगगुड़ा नाला के पास बम लगाने की घटना में शामिल था, 16 जून 2005 को पामेड़ से 03 किमी. की दूरी पर निकली पुलिस पार्टी पर बम ब्लास्ट करने की घटना में शामिल था। गिरफ्तार दोनो महिला एवं पुरूष नक्सलियों के विरूद्ध थाना पामेड़ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त आज न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया है।

# जिले में अब तक 1365 लीटर गौमूत्र की खरीदी

**कांकेर,10 सितंबर ( एजेंसी )।** राज्य सरकार ने हरेली पर्व 28 जुलाई से गोधन न्याय योजना के तहत गोमूत्र की खरीदी प्रांरभ कर दी गई है। छत्तीसगढ़ गौ-मूत्र खरीदी करने वाला देश का पहला राज्य है, जो किसान एवं पशुपालक और ग्रामीणों से दो रूपये किलो में गोबर खरीदी के बाद अब 04 रूपये प्रति लीटर में गौमूत्र की खरीदी भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की यह पहल वास्तव में राज्य में पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के साथ ही पशुपालकों की आय और जैविक खेती को बढ़ावा देना है। राज्य में बीते दो साल में जैविक खाद के निर्माण से जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है। गौमूत्र खरीदी का मकसद गौठानों में जैविक कीटनाशक, जीवामृत ग्रोथप्रमोटर का निर्माण करना है, ताकि राज्य के किसानों को कम कीमत पर जैविक कीटनाशक आसानी से उपलब्ध कराया जा सके। कांकेर जिले में 09 सितम्बर तक 08 हजार 860 रूपये के दो गौठानों में 1365 लीटर गौमूत्र की खरीदी किया गया है।

# डिप्टी रेंजर से लूट मामलें में 8 गिरफ्तार

**कांकेर,10 सितंबर ( एजेंसी )।** कापसी के डिप्टी रेंजर के साथ हुई लूट की मामले में पुलिस ने रेंजर के आरोपी ड्राइवर सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना पखांजूर थाना क्षेत्र के ग्राम कापसी की 1 और 2 सितंबर के दरमियानी रात की है जब डिप्टी रेंजर के घर 6 नकाबपोश बदमाश पहुंचे और धारदार हथियार की नोक पर 8 लाख रुपए नगद और एक लाख के जेवर की लूट कर भाग गए। रेंजर ने 6 दिनों के बाद थाने में शिकायत दर्ज करवाई जिसके बाद पुलिस ने आरोपी लुटेरों की तलाश शुरू की थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस को मुखबीरों से आरोपियों की जानकारी मिली। पुलिस के अनुसार इस घटना में रेंजर का ड्राइवर प्रभास महलदार भी आरोपी है जिसने आरोपियों को रेंजर के मकान में पैसे व सोने होने की जानकारी दी। इसके बाद आरोपियों ने 3 दिनों तक रेकी करने के बाद दुर्ग से 3 शातिर लुटेरों की मदद ली और उनके साथ साजिश रचकर रेंजर के घर पहुंचे और डिप्टी रेंजर को हथियार दिखाकर 8 लाख रुपए नगद और एक लाख के जेवर निकाल कर फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश करते हुए महाराष्ट्र के गढ़चिरौली पहुंची,जहां मुख्य आरोपी समीर किराए के मकान में छुपकर रह रहा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में मुख्य आरोपी हत्या के मामले में पहले भी जेल जा चुका है।



### नक्सलियों के लगाये आईईडी में विस्फोट से एक मवेशी की हुई मौत

**बीजापुर ( एजेंसी )।** जिले के गंगालूर मार्ग पर चेरपाल के नजदीक नक्सलियों के द्वारा लगाए गये आईईडी में विस्फोट होने से एक मवेशी की मौत हो गई है। नक्सलियों द्वारा जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी लगाई गई थी लेकिन इस के आईईडी विस्फोट से एक मवेशी के मारे जाने से नक्सलियों के नापाक मंसूबा नाकामयाब हो गया। बीजापुर के एएसपी गोवर्धन ठाकुर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि विस्फोट से एक मवेशी की मौत हुई है। गौरतलब है कि इससे पहले जिले के उसूर थाना क्षेत्र के भूसापुर मार्ग पर गुरुवार शाम करीब सात बजे नक्सलियों के द्वारा लगाए प्रेशर बम की चपेट में आने से एक ग्रामीण महिला गंभीर रूप से घायल हुई है।

### नवनियुक्त कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने संसदीय सचिव रेखचंद जैन से सौजन्य मुलाकात की

**कांकेर,10 सितंबर ( एजेंसी )।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्व विद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव (नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग) एवं विश्व विद्यालय कार्य परिषद के सदस्य रेखचंद जैन से सौजन्य भेंट कर विश्व विद्यालय के विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने नव नियुक्त कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव को विश्व विद्यालय के विकास के संबंध में एवं नये पाठ्यक्रम आरंभ करने के संबंध में चर्चा की इस दौरान नव नियुक्त कुलपति ने पी एच डी के मार्गदर्शकों के कमी के कारण शोध पत्र की संख्या कम होने की जानकारी दी जिसपर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने संविदा प्राध्यापकों को भी मार्गदर्शक नियुक्त करने के संबंध में प्रस्ताव कार्य परिषद में लाने के निर्देश दिए विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं के द्वारा परिक्षा में उपस्थित होने के पश्चात भी विश्व विद्यालय के द्वारा अनुपस्थिति करने का मामला उठाया जिसपर कुलपति ने तत्काल एक कमेटी बना कर हेल्प डेस्क स्थापित करने की बात कही ।

# बैलाडीला क्षेत्र के नलजल योजना का निरीक्षण करेंगे 5 विधायक 19 को

**जगदलपुर,10 सितंबर ( एजेंसी )।** दंतेवाड़ा जिला के बैलाडिला क्षेत्र में एनएमडीसी के लालपानी से प्रभावित ग्रामों के लिए संचालित नेरली, धुरली जल प्रदाय योजना के संबंध में कमिश्नर श्याम धावड़े ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता को विधायकों के आगामी 19 सितंबर को प्रस्तावित दौरा के संबंध में पत्र प्रेषित किया है। कमिश्नर द्वारा प्रेषित पत्र में कहा गया है कि बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की पिछले दिनों कोंडागांव में हुई बैठक में दंतेवाड़ा क्षेत्र में एनएमडीसी के लालपानी से प्रभावित ग्रामों के लिए संचालित योजना के जांच के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। जिनमें जांच समिति के अध्यक्ष संतराम नेताम उपाध्यक्ष बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण एवं विधायक केशकाल, जांच समिति के सदस्य विक्रम मंडावी उपाध्यक्ष बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण एवं विधायक बीजापुर विक्रम मंडावी, संसदीय सचिव व विधायक जगदलपुर रेखचंद जैन, दंतेवाड़ा विधायक देवती कर्मा, चित्रकोट राजमन बेजाम का प्रवास रहेगा। कमिश्नर ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए पूरी तैयारी के साथ मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात हो कि प्राधिकरण की बैठक में विधायकों ने बैलाडिला क्षेत्र के कई गांवों में लाल पानी के प्रभाव से लोगों के खेत को नुकसान, तथा पेयजल की समस्या को जोर शोर से उठाया था। वहीं पर यह निर्णय भी लिया गया कि 05 विधायक मौके पर जाकर वर्तमान हालत से अवगत होंगे। इसी तारतम्य में 19 सितंबर को प्रवास कार्यक्रम रखा गया है।

# मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत ऋण के लिए आवेदन 30 तक

**कांकेर, 10 सितंबर ( एजेंसी )।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर द्वारा जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों से स्वरोजगार स्थापना हेतु मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में ऋण हेतु आवेदन 30 सितम्बर तक आमंत्रित किया गया है। इसमें बेरोजगार युवक-युवतियों को व्यवसाय हेतु 02 लाख रूपये, सेवा हेतु 10 लाख एवं उद्योग स्थापना हेतु 25 लाख रूपये तक अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

उक्त योजनांतर्गत सामान्य वर्ग के लिए 10 प्रतिशत अधिकतम 01 लाख, पिछड़ा वर्ग के लिए 15 प्रतिशत अधिकतम 01 लाख 50 हजार, अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 25 प्रतिशत अधिकतम 01 लाख 50 हजार मार्जिनमनी अनुदान राशि ऋण स्वीकृति उपरांत आवेदक के खाता में देय होगा। इस योजना की पात्रता हेतु निम्नांकित अर्हतायें आवश्यक हैं - आवेदक छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी, आय प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)। न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण हो। आवेदक की आयु आवेदन तिथि को 18 से 35 वर्ष के मध्य हो (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, विकलांग, नक्सल प्रभावित परिवार के सदस्य, सेवानिवृत्त सैनिक हेतु अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट), आवेदक किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक वित्तीय संस्था सहकारी बैंक से डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। एक परिवार से एक व्यक्ति ही आवेदन कर सकेगा अर्थात् इस योजना का लाभ एक परिवार में से एक ही व्यक्ति को मिलेगा। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 03 लाख रूपये से अधिक न हो, । जिन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम या भारत सरकार, राज्य शासन की किसी अन्य योजना के अन्तर्गत अनुदान का लाभ लिया हो पात्र नहीं होंगे। संभावित गतिविधि राइस मिल, हालर मिल, फ्लोर मिल, मसाला उद्योग, नमकीन निर्माण पशु आहार, चावल से मुर्रा निमार्ण, स्टील, फर्नीचर, अलमारी निमार्ण, वेल्डिंग वर्क शॉप, रेडिमेड स्थानीय मांग के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। गारमेंट, दोना पत्तल निर्माण, कंप्यूटर फोटोकॉपी, मोटर साइकिल रिपेयरिंग एवं अन्य कार्य स्थानीय मांग के आधार पर आवेदन कर सकते हैं।

# नवनियुक्त कुलपति प्रो मनोज श्रीवास्तव ने संसदीय सचिव रेखचंद जैन से सौजन्य मुलाकात की

**जगदलपुर,10 सितंबर ( एजेंसी )।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्व विद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने विधायक जगदलपुर एवं संसदीय



सचिव (नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग) एवं विश्व विद्यालय कार्य परिषद के सदस्य रेखचंद जैन से सौजन्य भेंट कर विश्व विद्यालय के विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने नव नियुक्त कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव को विश्व विद्यालय के विकास के संबंध में एवं नये पाठ्यक्रम आरंभ करने के संबंध में चर्चा की इस दौरान नव नियुक्त कुलपति ने पी एच डी के मार्गदर्शकों के कमी के कारण शोध पत्र की संख्या कम होने की जानकारी दी जिसपर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने संविदा प्राध्यापकों को भी मार्गदर्शक नियुक्त करने के संबंध में प्रस्ताव कार्य परिषद में लाने के निर्देश दिए विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं के द्वारा परिक्षा में उपस्थित होने के पश्चात भी विश्व विद्यालय के द्वारा अनुपस्थिति करने का मामला उठाया जिसपर कुलपति ने तत्काल एक कमेटी बना कर हेल्प डेस्क स्थापित करने की बात कही जिससे की छात्रों की समस्या का तत्काल समाधान किया जा सके। इस अवसर पर नवनियुक्त कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव के साथ कुल सचिव प्रो वी के पाठक भी उपस्थित रहे।

# शाला भवनों के मरम्मत का कलेक्टर ने की समीक्षा

**कांकेर, 10 सितंबर ( एजेंसी )।** जिले के जर्जर शाला भवनों का मरम्मत शीघ्र करने के लिए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर शाला भवनों के मरम्मत कार्य में प्रगति की समीक्षा करते हुए स्थल निरीक्षण पश्चात् ही स्टीमेंट प्रस्तुत करने के निर्देष दिये। सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल समन्वयकों को लगातार स्कूलों का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के 275 शाला भवनों के मरम्मत के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अंतागढ़ को 46, भानुप्रतापपुर को 35, चारामा को 22, दुर्गूकोंदल को 18, कांकेर को 42, कोयलीबेड़ा को 43 तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नरहरपुर को 42 शाला भवनों की मरम्मत के लिए राषि जारी किया गया है। इसी प्रकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद कांकेर को 15, नगर पंचायत पखांजूर को 06 तथा नगर पंचायत नरहरपुर एवं चारामा को 01-01 और मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत भानुप्रतापपुर एवं अंतागढ़ को 02-02 शाला भवनों के मरम्मत के लिए राषि जारी किया गया है। उक्त शाला भवनों का शीघ्र मरम्मत करने के निर्देष कलेक्टर द्वारा दिये गये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल भी मौजूद थे।

# अनुशासित तरीके से गणेश विसर्जन करने पर समिति होंगे पुरस्कृत

## *सबसे अनुशासित तीन गणेशोत्सव समिति को दिया जायेगा विधायक सदभावना ट्रॉफी, साथ में नगद राशि*

**कांकेर,10 सितंबर ( एजेंसी )।** जिला मुख्यालय कांकेर के विभिन्न वार्डों व चौक-चौराहों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन अनुशासित तरीके से समय-सीमा के भीतर रात्रि 10 बजे के पहले करने पर संबंधित गणेशोत्सव समिति को विधायक सद्भावना ट्राफी तथा नगद राशि से पुरस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा। संसदीय सचिव एवं कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी, कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, नगरपालिका परिषद कांकेर के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र ठाकुर, एसडीएम कांकेर धनंजय नेताम तथा नगरपालिका अधिकारी दिनेष यादव की उपस्थिति में आज जिला कार्यालय में कांकेर शहर के सभी गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई तथा शांतिपूर्ण ढंग से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करने का निर्णय लिया गया। संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ने कहा कि गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन में इस वर्ष से एक नई परंपरा की शुरूआत की जा रही है, शहर का जो भी गणेश उत्सव समिति अनुशासन एवं शांतिपूर्ण ढंग से गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए निर्धारित समय रात्रि 10 बजे के पहले गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करेंगे, ऐसे तीन गणेशोत्सव समितियों को विधायक सद्भावना ट्राफी प्रदान किया जायेगा, साथ ही प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गणेश उत्सव समिति को 10 हजार 01 रूपये, दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले गणेशोत्सव समिति को 07 हजार 01 रूपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले गणेशोत्सव समिति को 05 हजार 01 रूपये की नगद राषि ट्राफी के साथ प्रदान की जायेगी। उक्त पुरस्कार कांकेर शहर में प्रति वर्ष आयोजित होने वाले गढिया महोत्सव में दिया जायेगा, इसके अलावा इन समितियों को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित किया जायेगा। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारियों को समझाईश देते हुए कहा कि गणेश विसर्जन में अनुषासन बनाये रखने के लिए जिला मुख्यालय में नई पहल की शुरूआत की गई है। इससे लोगों को प्रेरणा मिलेगी, आप सभी कांकेर की गरिमा को बढ़ायें तथा जिले के नाम को रोशन करें। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने कहा कि गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के समय ज्वलनषील पदार्थों का उपयोग न किया जावे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि डीजे एवं साउंड युनियन कांकेर द्वारा अवगत कराया गया है कि कांकेर जिले के डीजे एवं साउण्ड युनियन द्वारा डीजे सेटअप में अधिकतम 6 डुअल (12 सिंगल) बेस, 6 टॉप एवं 6 लाईन ऐरे और 10 पेयर (20 पीस) सारफी को लगाते हुए नियम को कांकेर जिले में पूर्ण रूप से लागू किया गया है तथा युनियन द्वारा लागू इस नियम का उल्लंघन पाये जाने पर पुलिस प्रशासन उचित कार्यवाही कर सकती है।

# न्यूज ब्रेक

## 10 परिवहन सुविधा केंद्रों की आईडी जारी

**महासमुंद।** जिले में परिवहन सुविधा केंद्र स्थापित किए जाने के लिए इच्छुक आवेदकों से आवेदन पत्र मंगाया गया था। जिसमें आवेदनों का परीक्षण पश्चात सही पाए जाने पर 18 आवेदकों का आवेदन पत्र स्थाई रूप से चयनित किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि परिवहन सुविधा केंद्र संचालन के लिए प्राधिकार पत्र अभी प्राप्त करने के लिए चयनित आवेदकों में से 13 आवेदकों का अर्हता दस्तावेज एवं अधोसंरचना निरीक्षण करने पर परिवहन सुविधा केंद्र मार्गदर्शिका 2022 के अनुरूप पाए जाने पर परिवहन सेवा केंद्र कोड क्रमांक आबंटन, आईडी पासवर्ड जारी करने के लिए मुख्यालय की ओर से पत्र प्रेषित किया गया था। जिसमें से 10 परिवहन सुविधा केंद्रों का आईडी जारी किया गया है। इनमें विकासखंड महासमुंद से 3 आवेदन, बागबाहरा से 2, पिथौरा से 3 एवं बसना से 2 इस प्रकार कुल 10 आवेदन चयनित किया गया है।

## लाफिनखुर्द स्कूल में विविध स्पर्धा संपन्न

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिन खुर्द में चित्रकला, रंगोली, निबंध और विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हमर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में प्राचार्य भारत साहू और शिक्षकों के मार्गदर्शन में चित्रकला और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं और दसवीं से 26 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी बच्चों ने देश भक्ति पर आधारित आकर्षक चित्र बनाए थे, जिनमें नम्रता साहू, साक्षी साहू एवं उमाभारती साहू को प्रथम, मनीषा टंडन द्वितीय एवं नेहा विश्वकर्मा, डागेश्वरी साहू तृतीय रहीं। इसी क्रम में मेहंदी प्रतियोगिता में 6 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिए, जिनमें उमा भारती कक्षा नवमी प्रथम, नम्रता कक्षा 9वीं द्वितीय एवं मनीषा टंडन तृतीय रहीं।

## 14 को सामान्य प्रशासन की वर्चुअल बैठक

**महासमुंद।** जिला पंचायत महासमुंद के सामान्य प्रशासन की वर्चुअल बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में 14 सितंबर को होगी। बैठक दोपहर 12 बजे से होगी। बैठक में कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग एवं क्रेडा विभाग सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## हत्या के आरोप में पति, सास व ससुर गिरफ्तार

**रायबरेली 10 सितंबर (एजेंसी)।** जिले के पटरंगा थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व हुई विवाहित की रहस्यमई मौत की गुत्थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सुलझ गई है। पुलिस ने मामले में मृतका के पति, सास व ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो पता चला कि बच्चा न होने कारण ही महिला की हत्या की गई थी। पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है।मामला पटरंगा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव का हैं, जहां पर मंगलवार को विवाहिता स्मिता यादव का जिसके बाद मृतका के पिता रामशरण यादव ने हत्या की आशंका को लेकर पति, सास व ससुर के खिलाफ तहरीर दी थी।पटरंगा थाना के उपनिरीक्षक अरुण कुमार सिंह से बताया कि गिरफ्तार किए गए पति संदीप यादव, सास रामप्यारी एवं ससुर रामसेवक यादव ने बताया कि शादी के दो-तीन साल बीतने के बाद भी संतान की कोई उम्मीद न होने कारण हम लोगों न उसकी मुंह दबाकर हत्या की थी।



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह और संसद की राजभाषा समिति के सदस्यों ने नई दिल्ली में संसद की राजभाषा समिति की 11वीं रिपोर्ट राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को सौंपी।

# पशुओं में लंपी बीमारी पर नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाए - मुख्यमंत्री चौहान

भोपाल 9 सितंबर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पशुओं में फैल रही लंपी स्किन बीमारी से प्रदेश में पशुओं की मृत्यु ना हो। यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएँ। बीमारी प्रभावित जिलों से लगे जिलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। साथ ही अन्य राज्यों से आ रहे पशुओं पर भी प्रतिबंध लगाया जाए। लंपी बीमारी से बचाव के लिए अधिक से अधिक पशुओं में आवश्यक टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। पशु पालकों को मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध कराने के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी करें। मुख्यमंत्री चौहान लंपी स्किन बीमारी की प्रदेश में स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। निवास कार्यालय में हुई बैठक में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव पशुपालन जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण एवं कृषि विकास अजीत केसरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थितथे। लंपी स्किन बीमारी गौ वंशीय और भैंस वंशीय पशुओं में वायरस से होती है। तेज बुखार आना, भूख न लगना, त्वचा पर गठाने और मुंह में छाले आना इसके प्रमुख लक्षण है। यह बीमारी पशुओं से मनुष्यों में नहीं फैलती है। रतलाम, उज्जैन, मंदसौर, नीमच, बैतूल, इन्दौर और खण्डवा में इस रोग की पुष्टि हुई है। धार, बुरहानपुर, झाबुआ में पशुओं में इस बीमारी के लक्षणों की सूचना प्राप्त हुई है। प्रदेश के दस जिलों में 2171 पशु इस बीमारी से प्रभावित हुए हैं, जिनमें से 1717 पशु के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। अब तक 77 हजार 534 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। लंपी स्किन बीमारी को नियंत्रित करने के लिए प्रभावित ग्रामों और जिलों में पशुओं के आवागमन को प्रतिबंधित किया गया है। राज्य रोग अन्वेषण प्रयोगशाला भोपाल में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। बीमारी और उससे बचाव के संबंध में जागरूकता के लिए वेबीनार, मीटिंग और राज्य स्तरीय युवा संवाद किए जा रहे हैं। प्रदेश के संपूर्ण चिकित्सा अमले को अलर्ट मोड पर रखा गया है और केन्द्र सरकार की एडवाइजरी के अनुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

## विशेष ओपीडी में 32 लोगों की ब्लड शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच

**महासमुंद, 10 सितंबर (संवादसाधना)।** बीटीआई रोड स्थित पुराना मलेरिया ऑफिस में संचालित शासकीय आयुष पॉली क्लीनिक में गुरुवार को संचालित होने वाले जन उपयोगी एवं महत्वाकांक्षी योजना सियान जतन क्लीनिक एवं वृद्धजनों के लिए विशेष ओपीडी के अंतर्गत वृद्धों तथा ओपीडी में आए सभी आयु वर्ग के लोगों का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन और हीमोग्लोबिन की जांच की गई। संस्था के प्रभारी डॉ सर्वेश दुबे ने बताया कि बुजुर्गों की रक्त शर्करा, ब्लड प्रेशर का नियंत्रण अतिआवश्यक है। ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, वजन की जांच माँ पैथालॉजी के संचालक ललित कुमार चक्रधारी की टीम ने नि:शुल्क की। कुल 32 लोगों का ब्लड शुगर एवं हीमोग्लोबिन जांच की गई। बुजुर्गों में मानसिक स्वास्थ्य एक बड़ी चुनौती है। इस विशेष ओपीडी में वृद्ध लाभार्थियों की संख्या 32 रही। ओपीडी को सफल बनाने में डॉ टंकेश्वरी समुंद (होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी), डॉ पुष्पा साहू (यूनानी चिकित्सा अधिकारी), राजू ढीमर, दिनेश दीवान और हिम्मत सिंह ढीढी का योगदान रहा।

## चोरी की बैटरियों के साथ तीन गिरफ्तार

ऋषिकेश रायवाला थाना पुलिस ने घर के अंदर से बैटरियां चुराने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां से आरोपियों को जेल भेजा गया। रायवाला थाना पुलिस के मुताबिक इंद्रमणि कंडवाल, निवासी राणा कॉलोनी मोतीचूर, हरिपुरकलां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 4 सितंबर को उनके घर पर लगी सौर ऊर्जा लाइट की बैटरी सहित दो बैटरियां चोरी हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नपाध्यक्ष ने बच्चों को खिलाई कृमिनाशक दवा

**दवा सेवन से छूटे हुए बच्चों के लिए मॉप-अप दिवस 14 सितम्बर को आयोजित**

**महासमुंद, 10 सितंबर (संवादसाधना)।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला स्तरीय स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन महासमुंद के केन्द्रीय विद्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने बच्चों को कृमिनाशक दवा एलबेन्डाजोल की गोली खिलाकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कृमि के कारण थकान, खून की कमी, पढ़ाई में मन नहीं लगता इसीलिए सभी बच्चों को कृमिनाशक टेबलेट खाना चाहिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर बंजारे ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत जिले के समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों एवं शासकीय विद्यालयों, शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालय, मदरसों, निजी स्कूलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा संस्थानों के माध्यम से एक से 19 वर्षीय बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को कृमिनाशक दवा की गोली का सेवन कराया गया है तथा छूटे हुए बच्चों के लिए मॉप-अप दिवस 14 सितम्बर 2022 को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ अरविंद गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित कुमार वर्मा, प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय एसके सिंग, आरएमएनसीएचए सलाहकार डॉ. मुकुन्द राव, जिला समन्वयक नरेन्द्र चन्द्रकार सहित शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





## महिला आयोग की अध्यक्ष 13 को करेंगी सुनवाई

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक 13 सितंबर को साढ़े 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले से प्राप्त आवेदनों एवं प्रकरणों की सुनवाई करेंगी। पश्चात् वे शाम 5 बजे विश्राम गृह पहुंचकर नागरिकों से मुलाकात करेंगी तथा शाम 06 बजे राजधानी रायपुर के लिए रवाना होंगी।

## उत्तरी ब्राजील में नाव डूबने से 14 लोगों की मौत, 26 लापता

**रियो डी जनेरियो ।** ब्राजील के उत्तरी पारा राज्य की राजधानी बेलेम शहर के पास सुबह एक नाव के डूबने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 26 लापता हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। नाव माराजो द्वीप पर कैमारा और बेलेम के बीच थी, सौदाडे बीच पर आते ही नाव अचानक डूबने लगी।दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों ने शवों को निकालने और लापता पीड़ितों का पता लगाने के लिए गोताखोरों, नौ नावों और एक हेलीकॉप्टर की मदद से रेस्कयू ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

# लोडर दुर्घटना में एक की मौत, एक गंभीर घायल

**विकासनगर 10 सितंबर (एजेंसी)।** कोरूवा-क्वारना मोटर मार्ग पर च्याया खेडा के पास एक लोडर अनियंत्रित होकर करीब दो सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरा।

इस हादसे में लोडर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चकराता पुलिस और एसडीआरएफ ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के साथ मिलकर घायल को सीएचसी साहिया पहुंचाया। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। कालसी चकराता स्टेट हाईवे पर कोरूवा से क्वारना जाने वाले मार्ग पर एक लोडर क्वारना से चकराता के लिए आ रहा था। करीब साढ़े नौ बजे च्याया खेडा के पास लोडर अनियंत्रित हो गया। जिससे लोडर करीब दो सौ मीटर दूर गहरी खाई में जा गिरा। लोडर सवार एक व्यक्ति टीकम सिंह (60 वर्ष) पुत्र रतिराम निवासी मगरौली तहसील चकराता की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि चालक जितेंद्र (28 वर्ष) पुत्र दासीदास निवासी क्वारना गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची चकराता पुलिस व एसडीआरएफने घायल चालक जितेंद्र को सड़क तक पहुंचाकर एक सौ आठ सेवा से साहिया अस्पताल भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चालक को हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। राजस्व पुलिस और चकराता पुलिस ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। नायब तहसीलदार केडी जोशी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

## कार दुर्घटना ग्रस्त, चार की मौत दो घायल

**नई टिहरी 10 सितंबर (एजेंसी)।** सुबह के वक्त यात्रियों की एक कार, जो हरिद्वार से बदरीनाथ जा रही थी, श्रीपुर आश्रम ब्रह्मपुरी के पास सड़क से लगभग 50 मीटर नीचे गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में चार लोगों में से तीन की मौके पर और एक की एपीएस अस्पताल ऋषिकेश में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हुए हैं। घायलों का ऋषिकेश के अस्तपालों में इलाज चल रहा है। जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुसार सुबह लगभग साढ़े सात बजे करीब एक वाहन बदरीनाथ जाते हुये दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में चार लोगों की मौत हुई है। मृतकों में दहिसर मुम्बई (महाराष्ट्र) निवासी शिवाजी बुधकर (53) पुत्र शिवाजी बाबा जी बुधकर, पछबंदर कोलीवाड़ा रोड़ ईस्ट वसई थाणे महाराष्ट्र निवासी पुरुषोत्तम दतात्रेय (37) पुत्र दतात्रेय खुलकुटी, एलबीएसएच मार्ग मनोर टाकवाहल ठाणे महाराष्ट्र निवासी जितेंद्र प्रकाश लोखंडे (43) पुत्र प्रकाश लोखंडे और पचुबंदर वसई पालघर महाराष्ट्र निवासी धर्मराज पुत्र नारायण शामिल हैं। जबकि घायलों में रुद्रप्रयाग के ऊखीमठ तहसील के ग्राम उसाड़ा निवासी कविंद्र सिंह (37) पुत्र ज्ञान सिंह का सरकारी अस्तपाल ऋषिकेश में इलाज चल रहा है। ओम सदगुरू नगर ग्रेटर मुंबई निवासी रविंद्र चव्हाण (56) पुत्र महादेव चव्हाण का एम्स ऋषिकेश में इलाज चल रहा है।

# बच्चा चोरी के शक में चार युवकों को पीटा

**रायबरेली 10 सितंबर (एजेंसी)।** बच्चा चोरों की अफ्वाहों के बीच कोतवाली क्षेत्र के जगतपुर भिचकौरा, मैदेमऊ और विशुन खेड़ा गांव के पास स्थित मंदिर और जंगलों के बीच मे तीन संदिग्ध युवक जैसे ही दिखाई पड़े ग्रामीणों ने उनको पकड़ कर जमकर धुनाई कर दी। घटना शुक्रवार सुबह 5 बजे की बताई जाती है।

मामला पुलिस तक पहुंचा। मौके पर पहुंचे दरोगा देवेश चौधरी ने ग्रामीणों से बचाकर संदिग्ध युवकों को अपनी सुपुर्दगी में लिया लेकिन तब तक ग्रामीण उन युवकों की जमकर पिटाई कर चुके थे। उनमें से एक युवक शिव शंकर पांडे का तो सिर ही फ्ट गया था। लालगंज पुलिस ने घायलों का इलाज भी कराया ।मामले की जानकारी देते हुए कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक पंकज त्यागी ने बताया कि संदिग्ध युवकों की आमद को लेकर ग्रामीणों की सूचना पर चार युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है ।इंस्पेक्टर पंकज त्यागी ने बताया कि पूछताछ में तीन युवक सत्यम सिंह पुत्र मानसिंह, सनी उर्फवैभव सिंह पुत्र संतोष सिंह, शिव शंकर पांडे पुत्र राजाराम पांडे ग्राम कुसुंभी थाना असोथर जिला फ्तेहपुर के निवासी हैं जबकि चौथा युवक धर्मेंद्र भदौरिया पुत्र सरनाम सिंह ग्राम खैराट जिला भिंड का निवासी है लेकिन वर्तमान में जगतपुर भिचकौरा अपने ननिहाल में रहता है। इंस्पेक्टर पंकज त्यागी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि शिव शंकर पांडे और धर्मेंद्र भदोरिया के बीच मित्रता थी ।शिव शंकर पांडे अपने दोनों मित्र सत्यम सिंह और सनी सिंह के साथ गुरुवार को धर्मेंद्र सिंह से मिलने जगतपुर भिचकौरा आया था। तीनों को आने में रात हो गई थी और धर्मेंद्र सिंह से संपर्क भी नहीं हो पाया था जिसके चलते तीनों युवक बरम बाबा मंदिर पर ठहर गए थे सुबह 5 बजे के करीब ग्रामीणों ने जब तीन संदिग्ध युवकों को क्षेत्र में घूमते देखा तो उनको चोर समझकर जमकर पीट दिया। बाद में युवकों के बताने पर धर्मेंद्र भदौरिया भी मौके पर आए जिन्हें भी लोगों ने दो चार हाथ लगा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस चारों को अपने कब्जे में लेकर थाने लायी जहां उनकी बारीकी से छानबीन की गई तो मामला दोस्त धर्मेंद्र से मिलने का निकला। वहीं पुलिस ने यह भी जानकारी दी है कि थाना असोथर से युवकों के बाबत जानकारी लेकर उनके परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया जाएगा।

## हादसे में दो लोग घायल

**रायबरेली 10 सितंबर (एजेंसी)।** )।कोतवाली क्षेत्र के तराई बाग मजरे अरखा गांव के पास दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार ग्राहक सेवा केंद्र संचालक समेत दो लोग घायल हो गये, राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। क्षेत्र के अकोढ़िया गांव निवासी राजेश कुमार जायसवाल 34 वर्ष गांव के ही बाजार में ग्राहक सेवा केंद्र चलाता है,जो शुक्रवार को नगर स्थित बैंक ऑफबड़ौदा में किसी कार्य से आया था और शाम को स्कूटी से घर वापस जा रहा था, तभी तराई बाग के पास बाइक सवार अमित कुमार 24 वर्ष निवासी पूरे बिछियन मजरे कंदरांवा ने उसकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी, घटना में दोनों लोग गिरकर घायल हो गये, राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह नई दिल्ली में फिट इंडिया फ्रीडम राइडर बाइकर रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए. साथ में गृह, युवा मामले और खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी दिखाई दे रहे हैं।

## देवलगढ़-बुघाणी मार्ग पर सड़क हादसे में दो की मौत

**श्रीनगर गढ़वाल ।** खिर्सू-देवलगढ़ बुघाणी मोटरमार्ग पर बीती देर रात करीब दस बजे के करीब भटोली गांव के पास एक वाहन 500 मीटर खाई में गिर गया। हादसे में वाहन सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मैक्स वाहन रात को गिर चुका था, किंतु इसकी जानकारी सुबह पता लग पायी। इसकी जानकारी मिलते ही एसडीआरएफएवं पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा तो मैक्स में सवार दोनों लोगों की मौत हो गयी थी। पुलिस द्वारा दोनों शवों को लाकर बेस अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया। कोतवाल हरिओम राज चौहान ने बताया कि भटोली के पास वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक अर्जुन सिंह पुत्र धर्म सिंह उम्र 35 वर्ष तथा सवार व्यक्ति देव सिंह पुत्र स्व. बलवीर सिंह की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दोनों व्यक्ति मैक्स वाहन से खिर्सू से भटोली की ओर आ रहे थे, इसी बीच रात्रि के समय उक्त दुर्घटना हुई। बताया जा रहा है कि मृतक देव सिंह पानी के टैंक खोलने का काम करता था। कोतवाल हरिओम राज चौहान ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए बेस चिकित्सालय पहुंचाया गया।

# दुनिया भर के नेताओं ने महारानी एलिजाबेथ (द्वितीय) के निधन पर किया शोक व्यक्त

**लंदन ,10 सितंबर (एजेंसी)।** विश्वभर के नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने बिटेन की महारानी एलिजाबेथ 'द्वितीय' को श्रद्धांजलि दी है। महारानी( 96) का कल निधन हो गया।इन नेताओं ने उनके कर्तव्य की गहरी भावना और उनके लचीलेपन के साथ ही साथ उनकी हास्य और दया की भावना का सम्मान किया है। सात दशकों तक सम्राट के रूप में ब्रिटिश रानी असाधारण परिवर्तन के दौर से गुजरी और यह उनको दी अनेक श्रद्धांजलियों में परिलक्षित हुआ है। फ्रांस के इमैनुएल मैक्रों ने एक दयालु रानी को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी और उन्हें फ्रांस की मित्र करार दिया। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि महारानी ने शानदार, शान और एक अथक कार्य नैतिकता द्वारा परिभाषित शासन के साथ दुनिया को मोहित किया था। कई मौकों पर महारानी से मुलाकात करने वाले श्री ओबामा ने एक बयान में कहा , बार-बार, हम उनकी गर्मजोशी से प्रभावित हुए, जिस तरह से उन्होंने लोगों को आराम दिया और कैसे उन्होंने अपने हास्य और आकर्षण को बड़ा सहज और परिस्थितियों के अनुसार ढाला।उन्होंने कहा, उन्होंने अपने जीवन काल में समृद्धि और ठहराव के साथ साथ ङ्क चंद्रमा पर उतरने से लेकर बर्लिन की दीवार के गिरने तक का दौर देखा। वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन जो पहली बार 40 साल पहले महारानी से मिले थे उन्हें एक सम्राट से अधिक बताया और कहा कि उन्होंने एक युग को परिभाषित किया है। राष्ट्रपति के रूप में ब्रिटेन की अपनी 2021 में यात्रा को याद करते हुए श्री बिडेन ने कहा, उन्होंने अपनी बुद्धि से हमें मंत्रमुग्ध कर दिया, अपनी दया से हमें प्रभावित किया, और उदारता से हमारे साथ अपनी बुद्धि साझा की। महारानी एलिजाबेथ 'द्वितीय' ने अपने शासनकाल के दौरान 13 अमेरिकी राष्ट्रपतियों से मुलाकात की, जिसमें डोनाल्ड ट्रम्प भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वह महारानी की उदार मित्रता, महान ज्ञान और हास्य की अद्भुत भावना को कभी नहीं भूलेंगे।

नगर के छबिगृह में
श्री विठोबा
टॉकिज
रोजना
ब्रम्हास्त्र



# महासमुंद जिला

संवाद साधना

महासमुंद, शनिवार 10 सितंबर 2022




### नि:शुल्क प्रिकॉशन डोज कोविड टीकाकरण 30 तक

**महासमुंद।** आजादी के अमृत महोत्सव की 75वीं वर्षगांठ पर भारत शासन द्वारा आगामी 75 दिवस (15 जुलाई से 30 सितम्बर 2022) तक 18 से अधिक आयु वर्ग के हितग्राहियों का नि:शुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। मालूम हो कि यह नि:शुल्क प्रीकॉशन डोज कोविड टीकाकरण 30 सितम्बर तक ही दिया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसआर बंजारे ने पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे 30 सितम्बर के पूर्व टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराएं।

## न्यूज ब्रेक

### मजदूर महिला के घर से 35 सौ रुपए की चोरी

**महासमुंद।** एक मजदूर महिला के घर से अज्ञात ने साढ़े तीन हजार रुपए का सामान पार कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस को सोनापुटी निवासी वृद्ध मजदूर महिला देवंतीन साहू (75) ने बताया कि वे 2 सितंबर को छोटी बहन के घर ग्राम कोल्दा गई थी। 7 सितंबर की सुबह पड़ोसी परमिला यादव ने फोन कर बताया कि घर का ताला टूट हुआ है। सूचना पर वे घर पहुंचीं तो घर के अंदर रखा एक सिलेंडर, चूल्हा, 50 किलो चांवल, लकड़ी की पेटी में रखा 10 ग्राम चांदी का सिक्का 2 सौ रुपए के सिक्के और दो नग साड़ी गायब थे।

### दुकानदार के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र में दुकानदार के साथ पिता-पुत्र ने मारपीट कर दी। पुलिस को बानीगिरोला निवासी मानिकचंद अग्रवाल ने बताया कि गांव में उनकी किराने की दुकान है। शुक्रवार सुबह दुकान खोलकर बैठा था। इसी दौरान गांव के डमरुधर पटेल पुत्र सुधीर पटेल के साथ पहुंचा और गाली-गलौज कर मारपीट की। विवाद छुड़ाने आए भाई नेमीचंद और अशोक कुमार से भी मारपीट की। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### पत्नी से मारपीट कर घर से निकाला

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र में शराब के नशे में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी से मारपीट की। डुमरपाली निवासी ललिता बेहरा ने पुलिस को बताया कि बीते 7 सितंबर की दोपहर 12 बजे उनका पति सम्पत लाल बेहरा शराब के नशे में घर आया। उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### बीएलओ पद पर पुनः नियुक्त हुईं कार्यकर्ता

**महासमुंद।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे को बीएलओ के पद पर पुनः नियुक्त किया गया। गौरतलब है कि एक माह पूर्व 8 अगस्त को एसडीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे को बीएलओ के पद से हटा कर उसके स्थान पर किसी अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को पदस्थ कर दिया था। जिससे नाराज जिलेभर की सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बीएलओ के पद से सामूहिक त्याग पत्र दे दिया था। पिछले एक माह से निर्वाचन का काम बंद होने से जिला प्रशासन पर लगातार दबाव बनता चला जा रहा था। शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय से सुधा रात्रे को पुनः बीएलओ के पद पर पदस्थ करने का आदेश जारी किया गया है।

# सिग्नल और ब्लिंकर का आईसी खराब, महीनों से बंद

## नेहरु चौक को छोड़ सभी सिग्नल और ब्लिंकर बंद

**महासमुंद, 10 सितंबर (संवाद साधना)**

शहर में यातायात का दबाव कम करने और हादसे रोकने करीब 6 माह पूर्व रायपुर की कंपनी द्वारा लगाया गया ट्रैफिक सिग्नल और ब्लिंकर पिछले दो माह से आईसी खराब होने से बंद है जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। इधर, सिग्नल के बंद होने से आए दिन छोटे-छोटे हादसे हो रहे हैं। जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि पालिका और रायपुर की कंपनी के बीच नो लॉस, नो प्राफिट तहत हुए समझौते के बाद कंपनी ने स्वयं के खर्च पर शहर के तीन चौराहों पर सिग्नल और दो स्थानों पर ब्लिंकर लगाया है। जिसमें शहर के नेहरु चौक के सिंग्रल को छोड़कर दो सिग्नल और ब्लिंकर बंद हैं। बंद होने की वजह कंपनी द्वारा सिग्नल में लगी आईसी को बताया जा रहा है। सुधार के लिए कंपनी द्वारा सामान का आर्डर दिया गया है। सामान आने के बाद मरम्मत कराए जाने की बात कही जा रही है।



**इन चौराहों पर सिग्नल व ब्लिंकर**

जानकारी के अनुसार शहर में ट्रैफिक सिग्नल अंबेडकर चौक, नेहरु चौक और बरोंडा चौक में लगाया गया है। इसके अलावा ब्लिंकर नगर पालिका कार्यालय और कचहरी चौक में लगाया गया है। बरोंडा चौक और अंबेडकर चौक का सिग्नल वाहन की ठोकर लगने के बाद से बंद है। जबकि ब्लिंकर बंद होने की तकनीकी वजह बताई जा रही है।

सिग्नल के मदर बोर्ड में लगी आईसी खराब होने की वजह से सभी बंद है। सामान का आर्डर दिया जा चुका है, आते ही मरम्मत कराकर चालू किया जाएगा। आगामी सप्ताह तक शुरु होने की उम्मीद है।

**-विश्वनाथ सेन,** सिग्नल प्रभारी

# विसर्जन से लौट रहा ट्रैक्टर पलटा, एक मृत, एक घायल



**मुढ़ैना, 10 सितंबर (संवादसाधना)।** ग्राम मुढ़ैना के पास शुक्रवार रात गणेश विसर्जन के बाद आ रहा ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की मौत हो गई और एक गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीएम 6708 से ग्राम मुढ़ैना के गणेशोत्सव समिति वाले प्रतिमा विसर्जन कर वापस आ रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर सृष्टि स्टोन के पास पलट गया जिससे इंजन में सवार मुढ़ैना निवासी हेमंत यादव (25) गंभीर रुप से घायल हो गया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्राली में दूसरी ओर बैठा नोहर सिंग (25) गंभीर रुप से घायल हो गया उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना की वजह चालक की लापरवाही बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच की बात कही है।

### विसर्जन के दौरान दो पक्ष भिड़े, कांउटर केस दर्ज

**महासमुंद, 10 सितंबर (संवादसाधना)।** गणेश विसर्जन के दौरान पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने मामले में कांउटर केस दर्ज किया है। पुलिस को वार्ड 6 नयापारा निवासी प्रीति देवार ने बताया कि दानू देवार सहित 3 अन्य लोगों ने उनके साथ पुराने विवाद को लेकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इधर, दूसरे पक्ष से वार्ड 4 ईदगाह भांठा निवासी बजरंग देवार ने पुलिस को बताया कि उमराव देवार सहित 3 अन्य ने उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पहले पक्ष की शिकायत पर धारा 294, 323, 506, 34 और दूसरे पक्ष की शिकायत पर धारा 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।



### मुस्की में हुई डीजे डांस प्रतियोगिता

**महासमुंद, 10 सितंबर (संवादसाधना)।** ग्राम मुसकी में गणेशोत्सव समिति द्वारा डीजे डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रुप में किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्थानीय कला-संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि गांव के बच्चे डांस पर विशेष रुचि रखते हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। जिससे स्थानीय कलाकारों को राज्य स्तर पर पहचान मिलेगी।

### झाड़ के नीचे सजी थी जुए की फड़

**महासमुंद, 10 सितंबर (संवादसाधना)।** बरगद पेड़ के नीचे सजी जुए की फड़ पर पुलिस ने छापा मारकर चार लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया। उनके पास नकदी, बाइक, कार और मोबाइल जब्त कर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सरायपाली पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम बगईजोर के पिंटू ढाबा के सामने स्थित बरगद पेड़ के नीचे जुआ खेल रहे भीखापाली निवासी अनूप कुमार भोई (38), बालसी निवासी लक्ष्मण प्रधान (55), केन्दूढार निवासी झनेन्द्र साहू (39) और बगईजोर निवासी महेंद्र साहू (52) को पकड़ लिया। पुलिस ने उनके पास से 3610 रुपए नकद, 20 हजार रुपए कीमत का 4 नग मोबाइल, 20 हजार रुपए कीमत की एक बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएच 5485 और 15 हजार रुपए कीमत की एक स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीबी 4183 और एक स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी 06 जीएच 8637 कीमत 3 लाख रुपए को जब्त किया है।

## भारत जोड़ो पदयात्रा के अंतर्गत कांग्रेस का अनेक कार्यक्रम

**महासमुंद, 10 सितंबर (संवादसाधना)।** भारत जोड़ो पदयात्रा के अंतर्गत कांग्रेसजनों द्वारा जिला, शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक विनोद चंद्राकर, जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर की अगुवाई में महासमुंद शहर होते हुए मचेवा, परसकोल, भुरका, लाफिन कला, लाफिनखुर्द, चिंगरौद, बम्हनी, परसट्ठी एवं बरोंडाबाजार में पदयात्रा की। लगभग 8-10 घंटे की पदयात्रा ग्रामीण अंचल में चली। विधायक विनोद चंद्राकर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज से 80 साल पहले कांग्रेस ने अंग्रेजों के खिलाफ भारत छोड़ो का नारा दिया था, जिससे डर कर अंग्रेजों ने भारत छोड़ दिया था। आज फिर से कांग्रेस ने नफरत और महंगाई के खिलाफ भारत जोड़ो का नारा दिया है। जिसके आह्वान पर पूरे भारतवर्ष में नफरत और हिंसा के खिलाफ आवाज उठने लगी है। डॉ रश्मि कहा कि भारत में हर जाति, धर्म, संप्रदाय के व्यक्ति निवास करते हैं और इस देश को आजाद कराने में सभी ने अपना खून बहाया है। इस देश में सभी वर्गों का खून पसीना है, जिससे आज भारत हिंदुस्तान बन सका है। अगर भारत आज विकसित देशों की श्रेणी में आता है तो वह हर हिंदुस्तानियों की मेहनत का नतीजा है जिससे आज भारत विश्व के नक्शे में अग्रणी देशों में गिना जाता है।

## खट्टा में बनेगी पानी टंकी, संसदीय सचिव ने किया भूमिपूजन

### निर्माण पूरा होने के बाद ग्रामीणों के घरों तक पहुंचेगा पानी

**महासमुंद, 10 सितंबर (संवादसाधना)।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ग्राम पचांयत खट्टा में पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ग्रामीणों को साफ पानी मिलने लगेगा। जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत खट्टा में पानी टंकी सौगात मिली है। गुरूवार की शाम पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल ने की। विशेष अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, खोम सिन्हा, रमन सिंह ठाकुर मौजूद थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने ग्रामवासियों को पानी टंकी व पाइपलाइन विस्तारीकरण की सौगात मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि जल्द ही पेयजल की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। यहां काफी अर्से से पेयजल की समस्याओं को लेकर ध्यानाकर्षित कराया जा रहा था। जिसे गंभीरता से लिया गया है। ग्रामीणों की यह बहुप्रतिक्षित मांग अब पूरा होने जा रही है। कुछ ही महीनों में पानी टंकी के साथ ही गांव में पाइपलाइन विस्तारीकरण का कार्य पूरा हो जाएगा। जिससे घरों तक साफ पानी पहुंचने लगेगा। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने भूपेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने शासन की योजनाओं का जिक्र करते हुए उनका लाभ उठाने का आव्हान करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के कृषि मजदूरों के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना चला रही है। योजना के तहत राज्य के कृषि मजदूरों को प्रति वर्ष 7,000 रुपए दिए जाते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तिरिथ ठाकुर, दुष्यंत ध्रुव, नंदकुमार पटेल, हेमलता जयशंकर पैकरा, जयशंकर पैकरा, रविशंकर पैकरा, गोपाल नायक, अमर सिंह, हरीश देवांगन, रामभजन नायक, चित्रकुमार भारती उपस्थित थे।



# प्रावीण्य सूची के विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, इतिहास परिषद का भी मनोनयन

**महासमुंद, 10 सितंबर (संवाद साधना)**

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास परिषद का मनोनयन एवं प्रावीण्य सूची में आए विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। डॉ रीता पांडेय ने विभाग का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि विभाग के विद्यार्थी प्रतिवर्ष मेरिट की सूची में अपना स्थान बनाते हैं। शैक्षणिक भ्रमण और अन्य गतिविधियों में सक्रियता से हिस्सा लेते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ अनुसूया अग्रवाल ने कहा कि इतिहास को सहेजने में विद्यार्थियों को अपना योगदान देना चाहिए। कविताओं से विद्यार्थियों को अपनी ताकत और कमजोरी दोनों जानना चाहिए। उन्होंने प्रोत्साहित करते हुए कहा कि-रास्ता जानता हूं चलना भी जानता हूं सूरज हूं उगना जानता हूं डूबना भी जानता हूं। डॉ मालती तिवारी ने कहा कि राजनीति और इतिहास का घनिष्ठ संबंध है, वर्तमान जो राजनीति है वह अतीत में जाकर इतिहास बन जाती है। डॉ दुर्गावती भारती ने हिंदी साहित्य के इतिहास का संबंध बताते हुए कहा कि हिंदी साहित्य में भी हम





**बसंती टांडे अध्यक्ष, प्रज्ञा ठाकुर बनीं उपाध्यक्ष**

प्राचीन साहित्य का इतिहास पढ़ते हैं, इसीलिए इतिहास का अध्ययन अनिवार्य हो जाता है। सीमा रानी प्रधान ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इतिहास का अध्ययन अनिवार्य है।

एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सर्वसम्मति से एमए तृतीय सेमेस्टर बसंती टांडे को परिषद का अध्यक्ष, प्रज्ञा ठाकुर उपाध्यक्ष, सरस्वती सिंह ठाकुर सचिव, मनोहर सोनवानी सहसचिव, कोषाध्यक्ष दीपा बाघ, श्रद्धा साहू सांस्कृतिक प्रभारी, रोशनी राजपूत, पूर्णिमा साहू मीडिया प्रभारी, अमित आंवले, मुकुल कन्नौजे, सलाहकार समिति सदस्य हीरा साहू, ज्योति गिरी और पंकज को मनोनीत किया। परिषद गठन पश्चात सत्र 2022-23 में इतिहास विभाग के मनोनीत पदाधिकारियों की घोषणा की गई। प्राचार्य एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा मई-जून 2021-22 में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के एमए इतिहास की प्राविण्य सूची में महाविद्यालय के 3 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया उनका सम्मान किया गया। प्रवीण्य सूची में धन्नू बघेल को चतुर्थ स्थान, नेहा यादव को छठवां स्थान, भावना बंजारे को सातवां स्थान प्राप्त हुआ। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा सत्र 2021 22 में इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने नेशनल गेम्स में सहभागिता निभाई थी, उनका भी सम्मान किया। जिनमें लल्लू सोनवानी ने बास्केटबॉल ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया एवं सत्र 2021-22 में कुमारी सरस्वती सिंह ठाकुर ने बाल बैडमिंटन में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वूमेन में पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर का प्रतिनिधित्व किया। इतिहास विभाग ने समस्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मृणाली चंद्राकर ने और आभार प्रदर्शन बसंती टांडे अध्यक्ष इतिहास परिषद ने किया।

स्वामित्व **कविता शर्मा** के लिए प्रकाशक मुद्रक **विपिन कुमार दुबे** द्वारा श्वेता ऑफसेट वार्ड नं. 28 बीटीआई रोड महासमुंद से मुद्रित एवं प्रकाशित, **संपादक विपिन कुमार दुबे**, डाक पं.क्र. CG/RYP DN/19/2011-13, RNI. NO.CHHHIN/2005/17444 फो.224812 पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार